नई दिल्ली, सोमवार 24 मार्च 2025 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 28, अंक : 343 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 33 न्यून. 18 haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

11 प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी ...



व्यापार पेज

10 विदेशी निवेशकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## ‘सनराइजर्स’ ने राजस्थान रॉयल को कूटा

# आईपीएल में ‘सूर्योदय’

▸▸ ईशान का शतक तो ट्रेविस हैड की आतिशी पारी

▸▸ सनसाइजर्स के 286, यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर, पहला भी 287 उसी के नाम

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच नंबर-2 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टक्कर हुई। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम मुकाबले में ▸▸ शेष पेज 5 पर




IPL आज का मुकाबला

दिल्ली — लखनऊ

रात 7.30 बजे से

### यशस्वी जायसवाल 1 रन ही बना सके

बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही। उसने दूसरी ही ओवर में दो विकेट खो दिए। तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने पहले यशस्वी जायसवाल (1) को चलता किया फिर उन्होंने कप्तान रियान पराग (4) को भी सस्ते में निपटा दिया। फिर मोहम्मद शमी ने नीतीश राणा को आउट कर दिया, जिसके चलते राजस्थान का स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। यहां से संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 111 रनों की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को हर्षल पटेल ने तोड़ा, जिन्होंने संजू सैमसन को आउट किया।

## औरंगजेब पर मचे बवाल के बीच बोले संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले

# आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग देश के लिए ‘खतरा’

### हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं?

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अगर आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग हैं, तो वे देश के लिए खतरा हैं। हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं। यह धर्म की बात नहीं है।

यह आरएसएस का दृढ़ विचार है। देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच होसबोले ने कहा कि बाबा साहेब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं ▸▸ शेष पेज 5 पर

अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि



### धर्म आधारित आरक्षण संविधान के खिलाफ

*कर्नाटक सरकार की ओर से सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले पर चल रही बहस के बीच होसबोले ने कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटा की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आरक्षण हमारे संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भाजपा अध्यक्ष के लिए प्रचारक को भेजने की योजना नहीं

भाजपा अध्यक्ष पर होसबाले ने कहा कि अध्यक्ष के लिए हमें कोई प्रचारक (भाजपा में) भेजने की मंशा नहीं है। सभी संगठन स्वतंत्र हैं और अपनी प्रक्रिया के तहत अपने अध्यक्ष चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसमें हमसे पूछ कर कुछ करने की जरूरत नहीं है। जातिगत जनगणना पर पर उन्होंने कहा कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में हुए अहम बदलाव

**भोपाल।** अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में अहम बदलाव हुए हैं। इसमें मध्यक्षेत्र के अशोक पोरवाल को दिल्ली स्थित केशव कुंज कार्यालय प्रमुख बनाया गया है। वहीं, विजय दीक्षित को सह प्रांत कार्यवाह, मध्यभारत प्रांत, सुरेंद्र को सह प्रांत प्रचारक, मध्यभारत, कैलाश लववंशी को प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख, मोहित अग्रवाल को निजी सचिव, सरकार्यवाह, केतनभाई को सह प्रांत प्रचारक, मालवा और श्रवण सैनी को सह प्रांत प्रचारक, महाकौशल का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अन्य प्रांतों को लेकर भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

## कैश कांड : सुप्रीम कोर्ट बख्शने के मूड में नहीं : पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की योजना थी, बाद में उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया

# जांच कमेटी को जस्टिस वर्मा को बताना होगा-कैश आया कहां से?

### सीजेआई ने पूछे हैं ये सवाल?

1. बंगले के स्टोररूम में नकदी कैसे आई?
2. इस नकदी का स्रोत क्या है?
3. 15 मार्च की सुबह स्टोररूम से नकदी किसने हटाई?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा जांच के घेरे में उलझते जा रहे हैं। उनका दावा है कि कैश उन्होंने नहीं रखा। जबकि, दमकल दस्ते को करीब 15 करोड़ कैश मिला। यह सच है कि कैश मिला। जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

*जस्टिस वर्मा का दावा कि उन्होंने कैश नहीं रखा। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट कहती है कि कोई उनके बंगले में भला कैसे घुसेगा?*



जस्टिस वर्मा



*पूछा यह भी जा रहा कि क्या जस्टिस वर्मा को अब इस्तीफा दे देना चाहिए?*



### दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट

### बंगले में किसी के अनधिकृत प्रवेश की कोई संभावना नहीं

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस आयुक्त ने एक गार्ड के बयान का हवाला दिया है कि 15 मार्च को जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और जली हुई चीजें हटा दी गई थीं। उन्हें निवासियों, कर्मचारियों और सीपीडब्ल्यूडी कार्यकर्ताओं के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### जस्टिस वर्मा पर उठ रहे सवाल

- आवास के परिसर में कथित 15 करोड़ मिले कैश को वे कैसे जस्टिफाई करेंगे?
- उनको ये भी बताना चाहिए कि...जितनी भी रकम मिली है...उसका सोर्स क्या है? ▸▸ शेष पेज 5 पर


*जस्टिस वर्मा का बयान*

### कोई खुले स्टोररूम में इतनी नकदी रखेगा?

जहां आग लगी थी, वहां केवल अनुपयोगी घरेलू सामान जैसे फर्नीचर और गद्दे रखे थे। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मैंने या मेरे परिवार के किसी भी ▸▸ शेष पेज 5 पर

## वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

# उधमपुर तक फ्लाइट चलेगी पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा



◆ मूल्यांकन के लिए आएगी हाई लेवल टीम

एजेंसी ▸▸ उधमपुर

उधमपुर में विमान सेवा शुरू करने पर सहमति मिलने इस पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुखद है। इससे विमान सेवा से बाहर जाने वालों को तो राहत मिलेगी ही, उधमपुर व रियासी जिले के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है। अभी तक विमान सेवा सिर्फ जम्मू और श्रीनगर के राजधानी शहरों में ही उपलब्ध है।

हालांकि, अभी उधमपुर में कब सेवा शुरू होगी और किस जगह से सीधे फ्लाइट उतरेगी, इस पर कोई भी फैसला नहीं हुआ है। अभी एक उच्च स्तरीय टीम मूल्यांकन करने के लिए आ रही है और बहुत हद तक उनकी रिपोर्ट पर ही आगे की कार्रवाई होगी। उधर, गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू के लिए फ्लाइट सेवाएं रविवार से शुरू हो गई हैं। हिंडन से जम्मू के लिए सुबह 9.30 बजे पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। जबकि जम्मू से हिंडन की फ्लाइट दोपहर एक बजे की होगी जो हिंडन पर दोपहर 2:30 पर पहुंचाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### श्रीरामकुमार को संगीत कलानिधि पुरस्कार



**चेन्नई।** संगीत अकादमी ने 2025 के लिए वायलिन वादक आर के श्रीरामकुमार को प्रतिष्ठित संगीत कलानिधि पुरस्कार देने की घोषणा की। भरतनाट्यम कलाकार उर्मिला सत्यनारायण को नृत्य कलानिधि पुरस्कार के लिए चुना गया है। अकादमी की विज्ञप्ति में श्रीरामकुमार को ‘इस कला के सबसे प्रसिद्ध वायलिन वादकों में से एक’ बताया गया है। श्रीरामकुमार कर्नाटक के रुद्रपटनम के एक ऐसे परिवार से आते हैं जिसने कई प्रसिद्ध संगीतकार दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### बोइंग ने 180 लोगों को नौकरी से निकाला



**बेंगलूरू।** अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने भारत में 180 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने वैश्विक कार्यबल में कटौती के तहत यह कदम उठाया है। कंपनी ने बेंगलूरू की इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र में कर्मचारियों को निकाल दिया है। बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। भारत कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार भी है।

### सीयूईटी यूजी के लिए एनटीए ने बढ़ाई तारीख



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। आवेदक अब 24 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सीयूईटी फॉर्म के लिए सुधार विंडो 26 से 28 मार्च तक खुली रहेगी। ऐसे कैंडिडेट्स जो अप्लाई करना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें।

## फर्जी अनुमति से प्रवेश की कोशिश

# महाकाल थाने में मुंबई के युवक पर केस दर्ज



■ तीन दिन में फर्जी अनुमति का दूसरा मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में फर्जी अनुमति से प्रवेश के मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार की सुबह भस्म आरती के दौरान मुंबई निवासी रौनक परमार को फर्जी अनुमति से प्रवेश करते हुए पकड़ा गया।

रौनक अपने 9 साथियों के साथ भस्म आरती के लिए आया था। उसने मोबाइल सॉफ्टवेयर से साथियों की अनुमति को एडिट कर अपना नाम डाल दिया। त्रिनेत्र कंट्रोल रूम में कंप्यूटर चेकिंग के दौरान केएसएस कंपनी के कर्मचारी केशव परिहार ने उसे पकड़ लिया। भस्म आरती प्रभारी आशीष दुबे ने दर्शनार्थी को तुरंत महाकाल थाने भेजा। पुलिस ने रौनक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) में केस दर्ज किया है। यह तीन दिन में फर्जी अनुमति का दूसरा मामला है।

## अधिसूचना भी जारी

# केंद्र ने 1 अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20% शुल्क वापस लिया



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 1 अप्रैल, 2025 से प्याज के निर्यात पर 20% शुल्क वापस ले लिया है। उपभोक्ता मामले विभाग के संचार पर राजस्व विभाग द्वारा आज इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने शुल्क, न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) और यहां तक कि 8 दिसंबर 2023 से 3 मई 2024 तक लगभग पांच महीने के लिए निर्यात प्रतिबंध के माध्यम से निर्यात की जांच करने के उपाय किए थे। 20% का निर्यात शुल्क, जिसे अब हटा दिया गया है, 13 सितंबर 2024 से लागू हो गया था। निर्यात प्रतिबंध के बावजूद, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल प्याज निर्यात 17.17 एलएमटी और वित्त वर्ष 2024-25 (18 मार्च तक ) 11.65 एलएमटी था। मासिक प्याज निर्यात मात्रा सितंबर 2024 में 0.72 एलएमटी से बढ़कर जनवरी 2025 में 1.85 एलएमटी हो गई है।




## चारधाम यात्रा के लिए चल रही तैयारी

# 3 दिन में 5 लाख से ज्यादा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के कपाटों के खुलने की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चारों धामों के कपाटों की तारीखों के खुलने के ऐलान के साथ ही उत्तराखंड सरकार की तैयारियां भी पूरी जोरों पर चल रहीं हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है। पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी डेटा के अनुसार, यमुनोत्री के लिए 93,803, गंगोत्री के लिए 96,445, ▸▸ शेष पेज 5 पर



### चारधाम के कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए धामों के कपाट खुलने की तारीखों क ऐलान हो चुका है। भगवान ‘भोले’ को समर्पित केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खोले जाएंगे। चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को दर्शनार्थ खोले जाएंगे, जबकि श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे।

### केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने में जुटे मजदूर

केदारनाथ यात्रा के लिए डीडीएमए लोनिवि के मजदूरों द्वारा पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम लगातार जारी है। मजदूर बर्फ हटाते हुए छोली लिंचौली से बड़ी लिंचौली और थारू कैंप के बीच पहुंच गए हैं। हालांकि लगातार खराब मौसम से मजदूरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। होली के बाद लोनिवि द्वारा केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू किया गया, इसके लिए 50 मजदूरों की टीम पैदल मार्ग में बर्फ हटाने में जुटी। इन मजदूरों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दक्षिण जिले के हौज खास डियर पार्क का मामला

# युवक-युवती के शव पार्क में पेड़ से लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हौज खास इलाके के 'डियर पार्क' में रविवार तड़के 21 वर्षीय युवक और 18 वर्षीय युवती के शव पेड़ से लटके मिले। पुलिस को संदेह है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था। उन्होंने यह कदम अपनी मर्जी से उठाया या कोई और कारण रहा इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार 'डियर पार्क' के गार्ड ने सुबह छह बजकर 31 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन कर शव मिलने की सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पार्क में पहुंची। युवक ने काले रंग की टी-शर्ट और नीले रंगे की जींस पहनी हुई थी तथा युवती ने हरे रंग के कपड़े पहने थे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि मृतक युवक का नाम दीपक था और वह पिलंजी गांव का रहने वाला था। वह लोधी कॉलोनी में पिज्जा शॉप पर काम करता था। उसके भाई गणेश ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर से निकला था। वहीं युवती छतरपुर एंक्लेव की रहने वाली थी। उसकी बहन ने पुलिस को बताया कि सिरजाना पिछले तीन दिनों से हुमायूंपुर गांव में अपने रिश्तेदार के पास रह रही थी। वह शनिवार को दोपहर लगभग दो बजे किसी काम से जाने की बात कहकर रिश्तेदार के घर से निकली थी। पुलिस का कहना है कि डियर पार्क में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। इससे जांच में बाधा आ रही है लेकिन आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों के शव जिस पेड़ से लटके थे वह काफी ऊंचा है, ऐसे में दो लोगों का उस पर चढ़ पाना मुश्किल लगता है। एक अन्य शख्स ने परिवार के दबाव में प्रेमी युगल द्वारा यह कदम उठाने की आशंका जताई है। वहीं पुलिस सूत्रों ने हत्या कर शव लटकाये जाने की आशंका से इंकार किया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है।



■ पुलिस को नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

# नीरज बवाना-अमित भूरा गैंग का शूटर किया अरेस्ट

### राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक विजेता पहलवान है शूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की दक्षिणी रेंज ने नीरज बवाना-अमित भूरा गैंग के भगोड़े शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मंजीत दलाल उर्फ मंगल (31) पूर्व पहलवान है। इसे सिंघु बॉर्डर इलाके से पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वह नीरज बवाना, नवीन बाली, नवीन भांजा, अमित भूरा, राहुल काला और सुबेग उर्फ शिब्बू समेत टॉप गैंगस्टर्स का सहयोगी रहा है। पुलिस पर फायरिंग, माफियागिरी, जबरन वसूली के लिए फायरिंग, डकैती, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत 10 सनसनीखेज मामलों में इसकी संलिप्तता पाई गई हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार मंजीत दलाल उर्फ मंगल हरियाणा के बहादुरगढ़ का रहने वाला है। इसने राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते। वह 2007 में 86 किलोग्राम वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक विजेता भी है। 2010 में उसकी मां की कैंसर से मौत हो गई और उसके पिता घर छोड़कर चले गए थे। बाद में उसका भाई भी रोहतक में अपने रिश्तेदारों के पास चला गया। इस दौरान कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना अक्सर उसके गांव आता जाता था और प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर करतार की हत्या के लिए स्थानीय समर्थन की तलाश में था। नीरज बवाना ने मंजीत दलाल में एक मौका देखा और उसे अपने गिरोह में शामिल कर लिया। मां की मौत के बाद मंजीत दलाल अपने कुश्ती करियर को जारी रखने में असमर्थ था तो वह बवाना गैंग में शामिल हो गया। दिल्ली पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के लिए दो बार इनाम भी घोषित किया था। आजकल मंगल साहिल रिटौली के नियमित संपर्क में था। साहिल रिटौली और उसका भाई हिमांशु भाऊ दिल्ली और हरियाणा में कई जघन्य अपराधों के लिए वांछित हैं और विदेश से ऑपरेट कर रहा है। मंगल 2018 में लाजपत नगर के पिशोरी रेस्टोरेंट फायरिंग केस में भी शामिल रहा है। 2017 में मंजीत दलाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अमित भूरा के कहने पर यूपी के एक डॉक्टर से भी 1 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी।

## पहाड़गंज में देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़, सात दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पहाड़गंज क्षेत्र में पुलिस ने देह व्यापार में संलिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। करीब 10 नेपाली समेत 23 महिलाओं को मौके से निकाला गया। मानव तस्करी में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पश्चिम बंगाल, नेपाल और अन्य राज्यों से महिलाओं को झूठे वादे कर बहला-फुसलाकर लाते थे और उन्हें देह व्यापार में धकेल देते थे।

पुलिस के अनुसार महिलाओं को पहाड़गंज मुख्य बाजार क्षेत्र के एक कमरे में रखा गया था। उन्हें डिमांड के आधार पर विभिन्न होटलों में भेजा जाता था। छापेमारी से पहले टीम ने उक्त जगह की निगरानी की और संदिग्ध स्थानों पर फर्जी ग्राहक बनाकर भेजे। अवैध गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद टीम ने होटलों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। पीड़ितों को स्कूटर पर अलग-अलग स्थानों पर ले जाते हुए पाया गया। इसके बाद टीम ने तीन नाबालिगों समेत 23 महिलाओं को छुड़ाया। सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम नूरशेद आलम (21), मोहम्मद राहुल आलम (22), अब्दुल मन्नान (30), तौसीफ रेक्सा, शमीम आलम (29), मोहम्मद जरुल (26) और मोनिश (26) हैं।

# पूसा संस्थान के जल प्रौद्योगिकी केंद्र में विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के जल प्रौद्योगिकी केंद्र ने अपने जल सभागार में शनिवार शाम को केंद्रीय थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' पर विश्व जल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूसा प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में भारत और अन्य देशों में ग्लेशियरों की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना और जल और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत और जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन के लिए एकीकृत कार्य योजना तैयार करना रहा। ग्लेशियर संरक्षण के लिए तकनीकी और नीतिगत विकल्पों के रूप में इस कार्यक्रम के अपेक्षित परिणाम और कृषि क्षेत्र में सतत और जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 6 (सभी के लिए पानी और स्वच्छता की उपलब्धता और स्थायी प्रबंधन सुनिश्चित करना) और एसडीजी 13 (जलवायु कार्रवाई) के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा। कार्यक्रम में आईसीएआर के पूर्व उप-महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) डॉ. ए. के. सिंह, और पूर्व कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. टी. के. बेहरा, निदेशक, आईसीएआर - भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. सी. विश्वनाथन, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), आईसीएआर - पूसा संस्थान, डॉ. आर. एन. पडारिया, संयुक्त निदेशक (प्रसार), पूसा डॉ. पी. एस. ब्रह्मानंद, परियोजना निदेशक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, पूसा संस्थान भी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।




■ जलवायु परिवर्तन, देशों में ग्लेशियरों की वर्तमान स्थिति पर किया विश्लेषण

## मजदूरी नहीं देने पर सहकर्मी की हत्या के आरोप में दो भाई पकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने दो भाइयों को मजदूरी नहीं देने पर सहकर्मी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 55 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपी मोनू (24) और योगेंद्र (33) को आनंद पर्वत इलाके से पकड़ा गया। उसने बताया कि घटना 17 मार्च को तब प्रकाश में आई जब पुलिस को सराय रोहिल्ला की हरिजन बस्ती में रेल की पटरी के पास एक अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि शव के सिर पर चोट के निशान थे और उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के मलखान (31) के रूप में हुई। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद टीम ने आरोपियों को प्रेम नगर, आनंद पर्वत से ढूंढ निकाला जहां वे किराए पर रहते थे। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को गिरफ्तारी के बाद दोनों ने मलखान की हत्या की बात कबूल कर ली।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी मलखान के साथ पेंटर का काम करते थे और मजदूरी न मिलने से नाराज होकर दोनों ने मलखान पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की निंदा की

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कुदेशिया बाग स्थित महाराणा प्रताप की विशालकाय मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने भारी रोष प्रकट किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों में विजय गोयल थे, जिन्होंने भारी संख्या में एकत्रित हुए राजपूत एवं अन्य लोक अभियान के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जो वीरता और शौर्य का प्रतीक हैं और जिन्होंने अकबर की अधीनता स्वीकार करने से मना कर दिया था, दस सालों तक उन्होंने उसके साथ लड़ाई लड़ी ऐसे महाराणा प्रताप की मूर्ति खंडित करने का काम औरंगजेब की औलादों ने किया है। जो लोग औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे हैं और दुःख की बात तो यह है कि सदन में भी कुछ सांसद मुगल आक्रमणकारी औरंगजेब की प्रशंसा कर रहे हैं और महाराणा को देशद्रोही बता रहे है। इन लोगों ने कुदेशिया बाग में लगी महाराणा प्रताप की मूर्ति का एक हाथ तोड़ दिया, मुकुट तोड़ दिया और उनका भाला भी तोड़ दिया। गोयल ने कहा कि अगर तुरंत इस मूर्ति को ठीक नहीं किया गया या नई मूर्ति की स्थापना नहीं की गई तो उनका आंदोलन लगातार चलता रहेगा। गोयल ने एमसीडी आयुक्त अश्वनी कुमार से भी बात की क्योंकि यह पार्क नगर निगम का है और कहा कि तुरंत यहां पर सीसीटीवी और सुरक्षा गार्ड लगाए जाएं।

■ निगम आयुक्त से सीसीटीवी और सुरक्षा गार्ड लगाने की मांग की

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे पुणे के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे से विद्यार्थियों का दल पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदेश कार्यालय पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत किया और बाद में एक संवाद सत्र आयोजित किया। इस मौके पर यादव के अलावा पूर्व शिक्षा मंत्री डॉक्टर नरेंद्र नाथ व अन्य नेता मौजूद थे। इस अवसर पर यादव के साथ विद्यार्थियों ने कई मुद्दों पर संवाद किया। जिनमें वर्तमान समय में देश की राजनीतिक, सामाजिक मुद्दे, शिक्षा व अन्य विषय शामिल रहे। जानकारी अनुसार विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि आज का युवा आधुनिक डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है। भारत में आधुनिक सूचना क्रांति का आगाज कांग्रेस के हरदिल अजीज प्रधानमंत्री रहे स्व.राजीव गांधी के कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस बात पर ध्यान देना होगा कि वर्तमान समय में देश तोड़ने वाली ताकतों के मायाजाल में फंसने से बचे। डिजिटल युग में हमारे मोबाइल व अन्य संचार माध्यम से प्राप्त होनी किसी भी सूचना अथवा जानकारी पर आंख बंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक गलत जानकारी को सच मानकर कुछ भी करना हमारे भविष्य को चौपट कर सकता है। आधुनिक संचार युग में हमें अनेकों प्रकार की जानकारियां तुरंत मिल जाती है, लेकिन वो कितनी सही और सटीक है यह जानना सबसे पहले जरूरी कार्य है। आधी अधूरी व गलत जानकारी से हम अपना ही नहीं बल्कि समाज व देश का भी नुकसान करते है। वहीं यादव ने बताया कि पुणे के विद्यार्थियों के साथ हुआ संवाद बेहद रचनात्मक रहा। आज का युवा बहुत कुछ जानना चाहता है, जानता है लेकिन उसे सही और गलत की जानकारी देना भी हमारी जिम्मेदारी है।

■ अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया विभिन्न मुद्दों पर संवाद

## निगम ने एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर किए आयोजित

■ शिविर के दौरान कुल 134 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने सिटी एसपी ज़ोन के हिंदू राव अस्पताल परिसर और आज़ाद मार्केट क्षेत्र, साथ ही शाहदरा (उत्तरी) ज़ोन के सुभाष मोहल्ला में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण और जागरूकता शिविर का आयोजित किए। निगम प्रशासन ने बताया कि यह पहल रेबीज की रोकथाम और जिम्मेदार पशु देखभाल को बढ़ावा देने के लिए एबीसी सेंटर बेला रोड और स्नेह एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से की गई। शिविर के दौरान कुल 134 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया, जिससे रेबीज नियंत्रण और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों को बल मिला। दिल्ली नगर निगम पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है। विभिन्न ज़ोन में इसी तरह के और भी अभियान चलाए जाएंगे, जिससे रेबीज जागरूकता और टीकाकरण को और अधिक बढ़ाया जा सके।

### छावला इलाके में हुई मुठभेड़

# मुठभेड़ में काला जठेड़ी गिरोह के दो बदमाश किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छावला इलाके में मुठभेड़ के बाद काला जठेड़ी गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये बदमाशों के नाम अमित डागर और अंकित है। अमित का भाई ओम प्रकाश उर्फ काला जेल में बंद है। इन्हें शनिवार देर रात घेरा गया था। बदमाशों ने फरार होने की कोशिश में पुलिस टीम पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की और दोनों को पैर में गोली मारकर दबोच लिया। इसके तुरंत बाद दोनों को मेडिकल सहायता प्रदान की गई।

एडिशनल सीपी प्रणव तायल के अनुसार 10 मार्च की तड़के नजफगढ़ में एक प्रॉपर्टी डीलर की कार पर अज्ञात हमलावर ने फायरिंग की थी। कार का फ्रंट विंडस्क्रीन टूटा हुआ था और उस पर कई गोलियों के निशान दिखाई दे रहे थे। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि करीब 12:55 बजे दो अज्ञात व्यक्ति एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर आए। उनमें से एक व्यक्ति उतरा और कार के पास पहुंचा और कई गोलियां चलाई। वह फिर अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर मौके से भाग गया। हमलावर लगातार अपराध कर रहे थे, जिससे क्षेत्र की शांति और सौहार्द में खलल पड़ रहा था। स्थानीय पुलिस स्टेशन स्टाफ और जिला ऑपरेशन स्टाफ द्वारा एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन शूटरों मोहित उर्फ शूटर, परवीन उर्फ टोना और मनीष उर्फ हाथी को गिरफ्तार भी किया गया था। साजिश और सुविधा में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास जारी थे। शनिवार रात इंस्पेक्टर संदीप डबास की टीम को झाड़ौदा कलां में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल अपराधियों के बारे में सूचना मिली, जो जेल में बंद गैंगस्टर ओम प्रकाश उर्फ काला और संदीप उर्फ काला जठेड़ी गैंग से जुड़े थे। संदिग्धों के रात 10-10:30 बजे के आसपास यूईआर-2 के पास धूलसिरस, छावला क्षेत्र में आने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की गई। इंस्पेक्टर संदीप डबास और इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। रात करीब 10:02 बजे टीम ने यूईआर-2 के पास सर्विस रोड पर स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों को देखा जो धूलसिरस चौक से छावला की ओर जा रहे थे। मुखबिर ने उनकी पहचान अमित डागर उर्फ चाची और अंकित के रूप में की, जो हथियार मुहैया कराने में शामिल थे। नजफगढ़ में एक प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोलीबारी के मामले में दोनों मुख्य साजिशकर्ता थे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों ने पुलिस पर तीन राउंड फायरिंग करते हुए मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में पांच राउंड फायरिंग कर जवाबी कार्रवाई की। नतीजतन दोनों आरोपियों को काबू कर लिया गया। इनके कब्जे से दो अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद हुई है।



# प्याज की खेती पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कृषि विज्ञान केंद्र ने प्याज की उन्नत उत्पादन तकनीकी एवं कटाई बाद प्रबंधन विषय पर चार दिवसीय (19-22 मार्च, 2025) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपने परिसर में किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, दिल्ली द्वारा प्रायोजित, एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में केंद्र के अध्यक्ष डॉ. डी के राणा ने सभी प्रशिक्षुकों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में बताया कि प्याज की खेती अगर हम उतरी भारत में करते है तो हमें वर्षभर प्याज की उपलब्धता के साथ किसानों की आये भी बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने यह बताया कि प्याज में लगने वाले किट व बीमारियों के काफी नुकसान होता है, इसके लिए उन्होंने बचाव के सभी उपायों से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली एवं आस पास के गांव के 30 किसानों ने भाग लिया। बागवानी विशेषज्ञ डॉ राकेश कुमार ने प्याज की नर्सरी तैयार करने के तरीके, रोपाई से पहले खेत की तैयारी, सिंचाई एवं खरपतवार प्रबंधन की जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों एवं विशेषज्ञ के बीच सवाल जवाब एवं प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया।

केंद्र के अध्यक्ष डॉ. डी के राणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि भारत के उत्तरी राज्य में प्याज का कलस्टर विकसित करना है, जिससे उत्तरी भारत में प्याज की वर्षभर उपलब्धता बनी रहे एवं किसानों की आमदनी भी बढ़े।

यहां किसानों को उन्नत बीज की प्रजातियां जैसे एन. एच. आर. डी. एफ. रेड, एन. एच. आर. डी. एफ. लाइन -920, एन. एच.आर.डी.एफ. रेड-2. एन.एच.आर.डी.एफ. रेड, एन.एच.आर.डी.एफ. रेड-4 एवं एग्रीफाउंड लाइट रेड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, दिल्ली में उपनिदेशक डॉ रजनीश मिश्रा ने प्याज की भारत में क्षेत्रवार प्याज उत्पादन की स्थिति प्रमुख बाजार आदि विषयों पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी।




■ दिल्ली एवं आस पास के गांव के 30 किसानों ने लिया भाग

## देश के वीर सपूतों के बलिदानों को कभी नहीं भूल सकते हम

# सीएम ने मालवीय नगर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शहीदी दिवस के अवसर पर रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर के शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक सतीश उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है कि हम शहीद भगत सिंह की नई प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। यह हमारे राष्ट्रीय नायकों के प्रति सच्चे सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। हमारी सरकार देश के वीर सपूतों का पूरा सम्मान करती है और उनके बलिदानों को कभी नहीं भूल सकती है। सीएम ने कहा कि हमने पहले ही राष्ट्रीय ध्वज और देश के महानायकों की मूर्तियों के सम्मानजनक रखरखाव के लिए दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों, अधिकारियों और संगठनों को निर्देश जारी किए हैं। हमारा राष्ट्रीय ध्वज और देश के महानायकों की मूर्तियां हमारे गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनका सम्मानजनक रखरखाव न केवल हमारा कर्तव्य है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए देश भक्ति और प्रेरणा का स्रोत भी है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन प्रतीकों का आदर करें और उनके संरक्षण में योगदान दें। सीएम ने कहा कि भगत सिंह का सपना था कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बने जहां सभी को समान अधिकार मिलें। आज हम देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ इसे पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। आज हमारे देश के युवाओं को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें देश के विकास में अपना सहयोग देना चाहिए। हमें यह याद रखना चाहिए कि देश की प्रगति और समृद्धि हमारे हाथों में है। हमें उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है। शहीदी दिवस पर हमें यह संकल्प लेना है कि ऐसे महान वीरों के आदर्शों को अपनाकर हमें देश की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए और विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना साकार करना चाहिए।

### देशभक्ति के तरानों के बीच शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दिल्ली सरकार ने किया याद

नई दिल्ली। देश के लिए हमारे पास मरने का तो नहीं लेकिन जीने का मौका है, हमारे मन और दिमाग में देश रहना चाहिए। दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व गुरु बनने से नहीं रोक सकती। यह बातें रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार द्वारा बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित शहीदी पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम रेखा गुप्ता और कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने शहीद पार्क में स्थित शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया।



### विधानसभा ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** शहीदी दिवस के अवसर पर रविवार को दिल्ली विधानसभा ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि दी। शहीद दिवस पर विधानसभा में आयोजित एक कार्यक्रम में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने विधानसभा प्रांगण में शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधि एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा, मुख्य सचेतक अभय वर्मा और कई विधायकों और स्वतंत्रता सेनानियों ने भी भाग लिया और महान क्रांतिकारियों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका सर्वोच्च बलिदान आज भी हमें न्याय, स्वतंत्रता और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। देश के लिए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूम लेना किसी महामानव का कार्य ही हो सकता है। आज का दिन बताता है कि आज लोकतंत्र का जो भव्य मंदिर इस देश में बना हुआ है, उसकी नींव में शहीदों के बलिदान हैं। हमें सदैव इन आदर्शों को ध्यान में रखना चाहिए।

### भारत की आजादी के अमर शहीदों से आने वाली पीढ़ी को करता रहेगा सदैव प्रेरितः सक्सेना

नई दिल्ली। अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नमन करते हुए उन्हें वर्तमान व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरित करने वाला बताया। संयोग से आज यानी 23 मार्च को एलजी सक्सेना का जन्मदिन भी है। एलजी ने शहीदी दिवस पर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि माँ भारती के वीर सपूत भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदो के मातृभूमि व देश के लिए हंसते हंसते प्राण न्योछावर करना हमेशा से हमारी युवा पीढ़ी को दिशा देने वाला रहा है।

## दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र आज से होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र आज सोमवार सुबह 11 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में शुरू होगा। इस बजट सत्र में हंगामा होने के पूरे आसार हैं। दरअसल विपक्ष सदन में महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा पूरा न करने और लोकतंत्र पर हमले को लेकर सत्तापक्ष को घेरेगा। इस दौरान सदन में हंगामा हो सकता है।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बजट सत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा, और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। बजट सत्र में डीटीसी के कामकाज पर सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी सीएजी रिपोर्ट होगी, जो सोमवार को सदन में प्रस्तुत की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 25 मार्च 2025 (मंगलवार) को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। 26 मार्च 2025 (बुधवार) को बजट पर चर्चा होगी। 27 मार्च 2025 (गुरुवार) को विधानसभा में बजट को मंजूरी दी जाएगी। वहीं 28 मार्च 2025 (शुक्रवार) को निजी विधेयकों और संकल्पों पर चर्चा होगी। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। प्रत्येक दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले सुबह 10:55 बजे कोरम के लिए बेल बजाई जाएगी।

### बजट सत्र में हर दिन होगा प्रश्नकाल

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज से शुरू होने वाले बजट सत्र में प्रश्नकाल भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि 24, 26, 27 और 28 मार्च 2025 को प्रश्नकाल आयोजित किया जाएगा, जिसमें मंत्री सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा।बता दें कि पिछली सरकार में प्रश्नकाल नहीं आयोजित किया जाता था।

### सदस्य एक दिन पहले 5 बजे तक दे सकते हैं लोकहित के मुद्दे उठाने संबंधी नोटिस

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विशेष उल्लेख के तहत किसी भी सदस्य को लोक महत्व का मुद्दा उठाना है या निजी संकल्प देना है तो वह कार्यवाही से एक दिन पहले शाम 5 बजे तक नोटिस दे सकता है। प्रतिदिन बैलेट प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 10 विषयों पर चर्चा होगी। 28 मार्च 2025 को निजी संकल्पों पर चर्चा होगी, जिसके लिए 12 दिन पहले नोटिस देना आवश्यक होगा।

## खबर संक्षेप

### वायु प्रदूषण मध्यम श्रेणी में हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में एक तरफ जहां मार्च के महीने में ही गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है, वही दूसरी तरफ दिल्ली की जहरीली हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज हुई। हालात यह है कि मार्च का महीना समाप्त होने को है और अभी भी वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई)167 दर्ज किया गया। इस बारे में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वीकेंड रविवार को दिल्ली में सुबह 6:30 बजे तक औसत एक्यूआई 167 दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली का मुंडका क्षेत्र ऐसा रहा जहां एक्यूआई सबसे ज्यादा 288 मुंडका में दर्ज किया गया। सीपीसीबी ने बताया कि दिल्ली के समग्र आंकड़ों के अलावा अन्य क्षेत्रों कहीं भी एक्यूआई 300 तक या इससे ऊपर नहीं पहुंचा। प्राप्त जानकारी अनुसार मुंडका में 288, जहांगीरपुरी में 240, वजीरपुर में एक्यूआई 222, नरेला में 220, अलीपुर में 213, आनंद विहार में 216, अशोक विहार में 238, डीटीयू में 201, ओखला फेज 2 में 209 और दर्ज किया गया।

### दिल्ली वालों को इस बार जल्दी झेलना पड़ सकता है गर्मी का कहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों को इस बार मार्च के महीने से ही गर्मी का दौर देखना पड़ रहा है। जबकि अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में दिल्ली में लू जैसे हालात देखने को मिल सकते है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार वीकेंड रविवार को दिल्ली वालों को 34 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान ने परेशान किया। आईएमडी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से करीब तीन डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान में ठीक उलट कमी दर्ज हुई, न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 कम है। यानी दिन में सूरज के तेवर सख्त और रात को तापमान में गिरावट हो रही है। आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अगले सप्ताह के मध्य में अधिकतम तापमान बढ़कर 36-37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### सचदेवा के दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के रुप में दो साल हुए पूरे

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अध्यक्ष के रुप में अपने दो साल पूरे होने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और दिल्ली के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया जिन्होंने इन दो साल में संघर्ष में हमेशा साथ दिया। सचदेवा ने कहा कि पार्टी की ओर से हम सभी कार्यकर्ताओं को कोई ना कोई दायित्व मिलता है। आज से ठीक दो साल पहले शहीदी दिवस के दिन ही प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद आज मुझे संतोष है कि कार्यकर्ताओं के साथ हमने जो मेहनत की है उसका परिणाम है कि पहले लोकसभा चुनाव में दिल्ली के सातों सीट जीतने के अलावा दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने तक का सफर इन दो सालों में पूरा किया है। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बताए हुए निर्देशों पर अमल कर दिल्ली में एक ऐसी सरकार को उखाड़ने में हम कामयाब हो पाए जिसने दिल्ली में लूट और भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने काम की गति पकड़ी है, अब सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि उसमें सहभागी बने और विकास की गति को आगे बढ़ाए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता से हमने जो वादे किए हैं और नई सरकार से दिल्लीवालों की जो अपेक्षाएं हैं, उसको पूरा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

## आप सत्ता के लिए नहीं, भगत सिंह-अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए राजनीति में आई : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता के लिए नहीं बल्कि स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और समाज सुधारक भीमराव आंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए राजनीति में आई है। 'आप' के 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली की सत्ता में आने के बाद दोनों महापुरुषों की विरासत का अनादर करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि हमारे आदर्श बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह हैं। भगत सिंह कहते थे कि सिर्फ अंग्रेजों को हटाना ही काफी नहीं है, समाज का ढांचा बदलना होगा। नहीं तो गोरे अंग्रेज तो चले जाएंगे लेकिन काले अंग्रेज आ जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि बिलकुल यही हुआ है। आज के शासक अंग्रेजों से भी बदतर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता संभालने के 48 घंटे के भीतर ही भाजपा ने सरकारी दफ्तरों से भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरें हटा दीं। केजरीवाल ने दिल्ली में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना को कथित तौर पर प्रतिबंधित करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने दावा किया कि बस परिचालक अब महिलाओं को गुलाबी टिकट देने से मना कर रहे हैं, जब तक कि वे एप डाउनलोड न करें। भाजपा पर अपने चुनावी वादों को पूरा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? सुविधाओं में सुधार करने के बजाय वे मौजूदा सुविधाओं को छीन रहे हैं। अब तक उन्हें महिलाओं को 2500 रुपये देना शुरू कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

### रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटी कार्यालय में लगेगी शहीद भगत सिंह की भव्य प्रतिमा : इंद्राज

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 को लेकर आयोजित कार्यक्रम में रोहिणी सेक्टर-24 स्थित केशव उद्यान में दिव्यांग भाई-बहनों के साथ पौधारोपण कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'सहकारिता से स्वावलंबन' विकसित दिल्ली का लक्ष्य पूरा करेगा। वहीं शहीद दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मंत्री इंद्राज ने कहा कि रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटी कार्यालय में शहीद भगत सिंह की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन सहकार भारती, दिल्ली राज्य सहकारिता विभाग और यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड की ओर से किया गया। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कार्यक्रम में आई संस्थाओं से विकसित दिल्ली के लिए कार्य करने का आग्रह किया और कहा की दिल्ली की हाउसिंग सोसायटीज में स्व सहायता समूह की बहनों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए स्टोर खोले जाएंगे।

## एमसीडी ने अतिक्रमण से मुक्त कराए मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चला रहा है। इस दौरान फुटपाथों, सरकारी स्थलों और सड़कों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। इसी कड़ी में एमसीडी के नरेला जोन के अंतर्गत बवाना और शाहबाद डेयरी इलाके में दो किमी से अधिक क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाया गया है। नरेला जोन के उपायुक्त पवन यादव ने शनिवार को बताया कि वार्ड समिति की बैठकों में पार्षदों से मार्गों पर अतिक्रमण की शिकायतें मिलती थीं। इसके चलते बुधवार और शनिवार को भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। वहीं, निगम विभाग के एलआई सुनील सहरावत ने बताया कि हम समय समय पर अतिक्रमण पर एक्शन लेते रहते हैं ताकि लोगों का आवागमन के चलते दिक्कतें ना हो।

### डीयू में स्थायी भर्ती के समय अतिथि शिक्षकों को वरीयता देने की मांग

नई दिल्ली। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ( शिक्षक संगठन ) के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी ) के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार को एक पत्र लिखा है। पत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों व संबद्ध कॉलेजों में पढ़ा रहे चार हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों ( गेस्ट टीचर्स ) को भी स्थायी नियुक्तियों के समय वरीयता दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में यूजीसी, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति /रजिस्ट्रार को एक सर्कुलर जारी कर स्थायी नियुक्ति के समय अतिथि शिक्षकों को वरीयता दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्थायी नियुक्ति के समय एडहॉक टीचर्स के शिक्षण अनुभव को जोड़ा गया है उसी तरह से अतिथि शिक्षकों को भी नियुक्ति व प्रमोशन में वरीयता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्थायी नियुक्तियों के समय अतिथि शिक्षकों के शिक्षण अनुभव को कोई भी शिक्षण संस्थान/ कॉलेज नहीं मानते है जबकि उनकी योग्यता किसी भी स्तर पर कम नहीं है।

### निगम संपत्ति धारकों पर करोड़ों का बकाया

## कर नहीं चुकाने वालों पर की जा रही है सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपनी माली हालत को देखते हुए अब कठोर कदम उठाने की तैयारी कर चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अब गिने चुने दिन रह गए है और निगम प्रशासन संपत्ति धारकों से करोड़ों में बकाया सम्पत्ति कर वसूलने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। एमसीडी के नरेला जोन के सम्पत्ति कर विभाग के संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता मनीष कुमार ने ऐसे बकाया सम्पत्ति धारकों से अपील की है कि वे अपने सम्पत्ति का बकाया टैक्स 31 मार्च 2025 से पूर्व ऑनलाईन माध्यम से अथवा सम्पत्ति कर विभाग, नरेला जोन में किसी भी कार्यदिवस में जमा करायें ताकि वे विभाग द्वारा की जाने वाली दण्डात्मक कार्रवाई से बच सकें। निगम अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सम्पत्ति के यूपिक नंबर 03906321005360, 03906901001350, 00211701000620, 00306661009760, 00211701001300, 03906321004580, 03910761002620, 03906331004720, 039063210186000 और 003016810010200 की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से पांच सम्पत्तिधारकों पर 10 लाख रुपए से 13 लाख रुपए के करीब राशि बकाया और पांच सम्पत्ति धारकों पर 63 हजार से 78 हजार रुपए के करीब सम्पत्तिकर की राशि बकाया है। कुल मिलाकर करीब एक करोड़ के आसपास यह राशि बकाया है। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि मार्च माह में अब तक आठ करोड़ रुपये के आसपास राशि वसूली गई है। बताया गया कि नरेला जोन के 10 बड़े सम्पत्ति करदाता जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपना सम्पत्ति कर जमा नहीं कराया है और निगम प्रशासन का कहना है कि सम्पत्तिकर जमा न कराये जाने की स्थिति में इनपर भी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़कों पर डरे हुए और परेशान दिखते हैं लोग

## आवारा पशुओं के खिलाफ अभियान के बाद भी कम नहीं हो रहें सड़कों से पशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) समय समय पर आवारा पशुओं के खिलाफ अभियान चलाकर उनको पकड़ती रहती है लेकिन इसके बाद भी सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोहिणी के नाहरपुर इलाके, प्रशांत विहार, मुकरबा चौक, पंजाबी बाग, जहांगीरपुर मेट्रो स्टेशन, आजादपुर मेट्रो स्टेशन, आदर्श नगर और आजादपुर मंडी के आसपास दर्जनों की संख्या में आवारा पशुओं को सड़कों व बस स्टैंड के आसपास देखा जा सकता है। यहां के स्थानीय लोगों से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमें नहीं पता कि कौन सा विभाग आवारा पशुओं को उठाता है लेकिन यहां बस स्टैंड के आसपास कई बार हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोगों को आने जाने में भी डर लगता है और कई बार तो मुख्य सड़क पर ये पशु खड़े हो जाते हैं और यातायात जाम हो जाता है। वहीं, बता दें कि दो दिन पहले निगम ने रोहिणी, सिविल लाइंस और शाहदरा (उत्तरी) क्षेत्र में आवारा पशुओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18 आवारा पशुओं को पकड़ा है। निगम प्रशासन का दावा है कि शहर में आवारा पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इन प्रयासों के तहत एमसीडी के विभिन्न जोन में चलाए गए अभियान में 18 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया। इस अभियान के तहत रोहिणी जोन में 9 मवेशी, शाहदरा (उत्तरी) के खजूरी खास से 3 बैल और सिविल लाइंस जोन के तिमारपुर से 6 आवारा मवेशी पकड़े गए।

## खबर संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने-बेचने में पकड़ा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीद-बेच करने के मामले में आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम बड़खल झील चौक पर गश्त पर थी। सूचना मिली कि एक लड़का चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए सैनिक कालोनी चौक फरीदाबाद के पास खड़ा हुआ है। कार्रवाई करते हुए टीम ने एक आरोपी को काबू किया।



### मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी आशीफ उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी सिकरोना में प्रवीण निवासी करनेरा ने शिकायत दी कि खाटू श्याम कॉलोनी में खाटू श्याम जी का मन्दिर है। 14 मार्च को रात करीब 9 बजे मंदिर बंद किया था और अगले दिन सुबह देखा तो मंदिर का गेट टूटा हुआ है। जब उसने ताला तोड़कर मंदिर के दान पात्र को चोरी करके ले गया।



### देसी कट्टा सहित आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने देशी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने आरोपी सूरज उर्फ गब्बर पुत्र निवासी रामनगर झुग्गी नजदीक बाटा चौक फरीदाबाद को सर्वोदय हॉस्पिटल के पीछे से काबू किया है। आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना सेक्टर-8 फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धारा में मामला दर्ज किया गया है।



# भारत का रोड नेटवर्क आज विश्व में दूसरे स्थान पर है : अजय टम्टा

## एनएचएआई और अमृता अस्पताल ने सिर सलामत तो घर सलामत अभियान का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

भारत ने विश्वस्तरीय सड़कों और राजमार्गों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे हमारे बुनियादी ढांचे और ज्यादा समृद्ध हुए हैं। भारत का रोड नेटवर्क आज विश्व में दूसरे स्थान पर है। यह बात भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने रविवार को फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में आयोजित सिर सलामत तो घर सलामत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कही। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने विश्व सिर पर चोट जागरूकता दिवस के अवसर पर अस्पताल के साथ एक दीर्घकालिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।



### दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार के प्रयास जारी

सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में 2047 के विकसित भारत में रोड नेटवर्क ऐसा हो कि जिस पर दुर्घटना की संभावना न के बराबर हो। हम उस विकसित भारत को बनाने के लिए समय-समय पर सड़कों का निरीक्षण कर उन ब्लैक स्पॉट का मुआयना कर उनको सुधारने का काम करते हैं जहां दुर्घटना होने की संभावना बन सकती हो। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन चिकित्सा इन चार स्तंभों पर केंद्रित समग्र रणनीति के साथ कार्य कर रही है। एम्बुलेंस स्टाफ और पुलिस बल, ट्रॉमा प्रतिक्रिया में अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं और उनका सशक्तिकरण जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के अंतर्गत सर सलामत तो घर सलामत नामक एक राष्ट्रव्यापी पॉली ट्रॉमा जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं

इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के बाद त्वरित और प्रभावी प्राथमिक चिकित्सा सुनिश्चित करना है, जिससे अमूल्य जीवनों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि निरंतर तकनीकी प्रगति के साथ हम भारत के सड़क बुनियादी ढांचे को 2047 दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्रयास भारत सरकार की स्टॉक होम घोषणा के अंतर्गत वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस दौरान एनएचएआई से मोहम्मद सैफी और अस्पताल के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सीएम सैनी को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे

# सीएम आवास पर प्रदर्शन करने जा रहे एनएचएम कर्मियों को पुलिस ने फरीदाबाद में ही रोका: यूनियन प्रधान धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

फरीदाबाद में एनएचएम कर्मचारियों को कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करने से रोक दिया गया। पुलिस ने कर्मचारियों की पांच बसों को फरीदाबाद में ही रोक लिया। कर्मचारी जब हरियाणा रोडवेज की बसों से जाने का प्रयास कर रहे थे, तब उन्हें बदरपुर बॉर्डर पर एक घंटे तक रोका गया। रोडवेज और पुलिस अधिकारियों से बातचीत के बाद बसों को खाली करा दिया गया। सभी यात्रियों के पास वैध टिकट थे। पुलिस ने भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार और एनएचएम कर्मचारी संघ के विभाग प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर सराय ख्वाजा थाने में बैठा दिया।

### मांग पत्र सीएम सौंपने जा रहे थे

एनएचएम कर्मचारी यूनियन के प्रधान धर्मेंद्र ने बताया कि वे अपनी मांगों का पत्र मुख्यमंत्री नायब सैनी को सौंपने जा रहे थे। उन्होंने कर्मचारियों के लिए फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में पांच बसें खड़ी की थीं। कुछ कर्मचारी जो निजी वाहनों में थे, वे कुरुक्षेत्र पहुंचने में सफल रहे। धर्मेंद्र ने पुलिस पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उन्हें बिना किसी कारण के आगे जाने से रोका।

### 1 घंटे सवारियों को किया परेशान

वहीं इस मामले में अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा सरकारी बस को गैरकानूनी तरीके से 1 घंटे तक बदरपुर बॉर्डर पर रोक कर न केवल एनएचएम कर्मचारियों को उतारा गया बल्कि उसमें बैठी अन्य सवारियों को भी 1 घंटे तक परेशान किया गया। वहीं जिन एनएचएम कर्मचारियों को उतारा गया उन्होंने बाकायदा टिकट ली हुई थी और उनके टिकट के रुपए भी वापस नहीं किए गए।

### लगभग 300 कर्मचारी पहुंचेंगे सीएम आवास

उन्होंने आगे कहा बताया कि पुलिस एनएचएम कर्मचारियों के मनोबल को हिरासत में लेकर तोड़ना चाहती थी लेकिन कर्मचारी अपनी पर्सनल 42 गाड़ियों में कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए हैं। वहीं कुछ कर्मचारी ट्रेन और मेट्रो के माध्यम से कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। फरीदाबाद से 300 एनएचएम कर्मचारियों कुरुक्षेत्र पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन कर अपनी मांग रखेंगे।

### परिवहन मंत्री से की शिकायत

इसको लेकर उन्होंने हरियाणा के परिवहन मंत्री के पीए से बात कर इस मामले में संज्ञान लेने और परिवहन मंत्री तक अपनी बात पहुंचाने की सिफारिश की। बल्लभगढ़ बस डिपो के जीएम लेखराज को भी फोन कर उन्होंने इस घटना से अवगत कराया और पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी मांग और बात रखने का अधिकार है।

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, गाड़ी जलकर खाक

# कार की बैटरी फटी, लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद



एक सेंट्रो कार में अचानक आग लग गई। कार ड्राइवर तीन नंबर आर के चौक से सैनिक कॉलोनी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। कार की बैटरी फटने से आग तेजी से फैल गई। कार में सीएनजी किट लगी होने के बावजूद ड्राइवर ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचा ली। कार में ऑटो लॉकिंग सिस्टम नहीं था, जिससे ड्राइवर आसानी से बाहर निकल सका। अगर ऑटो लॉकिंग होती तो आग लगने पर कार लॉक हो जाती और ड्राइवर की जान को खतरा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हालांकि तब तक दिल्ली नंबर की यह सेंट्रो कार पूरी तरह जल चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। तीन नंबर चौकी इंचार्ज इंस्पेक्टर सोमपाल ने बताया कि जैसे ही इस घटना की जानकारी उन्हें मिली, तुरंत उन्होंने पुलिस चौकी से अपनी पुलिस टीम को घटना स्थल पर रवाना किया।

# एमबीबीएस में करा दिया फर्जी दाखिला, छात्रा के पिता से हड़पे 15 लाख

## शिकायत मिलने पर पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

फरीदाबाद में मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सीट दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में नगर निगम के एक कर्मचारी की पत्नी का भी नाम आया है। एक लड़की के जरिए इनसे मुलाकात हुई थी। सेक्टर 58 थाना पुलिस शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर रही है। फरीदाबाद के सेक्टर 58 थाना में दी गई शिकायत में फरीदाबाद के रहने वाले जितेंद्र शर्मा ने बताया कि साल 2024 में एनईईटी का पेपर हुआ था। उसकी बेटी ने विभा शर्मा ने भी पेपर दिया था। इसी दौरान उसकी बेटी के जानकार शुभम तिवारी नामक युवक ने बताया कि विभा का दाखिला ईएसआई मेडिकल कालेज एनआईटी 3 में वह करवा सकता है। इसके बाद शुभम ने उनको प्रियंका नामक लड़की से मिलाया। प्रियंका ने उनको नगर निगम में कार्यरत मनोज शर्मा की पत्नी मोनिका से मिलवाया। इस दौरान उनकी मुलाकात अपने आपको वकील बताने वाले कृष्णा नामक व्यक्ति से भी कराई गई। सभी ने मिलकर उनको अपने जाल में फंसाया और उनसे एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर 15 लाख रुपए ले लिए।

शिकायतकर्ता जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा सारा पैसा मोनिका को दिया गया था। ठगों ने उनको ईएसआई मेडिकल कालेज का एक फर्जी आईकार्ड बनाकर दिया। जिसके बाद कालेज के डीन का फर्जी लैटर भी बनाकर उनको दिया गया। इसी तरह से ठगों ने तमाम दूसरे सभी कागजात तैयार कर उनको दिए। जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी कागजात पूरी तरह से जांच में नकली निकले है।

### क्लास नहीं लगी तो हुआ मामले का खुलासा

जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि कालेज की क्लास शुरू होने के बाद जब उन्होंने इन लोगों से कहा कि बेटी की क्लास कब से शुरू हो जाएगी। तो ये ठग बार-बार उनको कुछ ना कुछ बहाना बनाते हुए टालते रहे। इसी तरह से इन्होंने पूरा 2024 निकाल दिया। जिसके बाद हमें पता चला कि हमारे साथ ठगी हुई है। पीड़ित के द्वारा फरीदाबाद के सेक्टर 58 थाना में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत उनको मिली है। साल 2024 का ये पूरा मामला है पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# बिजनेसमैन से 1.70 लाख ठगे, शेयर में निवेश करा मोटे मुनाफे का दिया लालच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

फरीदाबाद में शेयर मार्किट में निवेश कराकर मोटा मुनाफा कमाने की लालच देकर बिजनेसमैन से 1 लाख 70 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

फरीदाबाद के रहने वाले अभिषेक काबरा ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह एक बिजनेसमैन है। 25 जनवरी को उनको हैरी नामक युवक को काल आया, जिसने आपने आपको बोम्बे स्टाक मार्किट का कर्मचारी बताकर शेयर मार्किट में निवेश कर मोटे मुनाफे का लालच दिया।

जिसके बाद कालर ने उसको एक ग्रुप में जोड़ दिया और वहां पर शेयर मार्किट में ट्रेडिंग को लेकर टिप्स दिए जाने लगे।

अभिषेक काबरा ने बताया कि 16 फरवरी से उसने पैसा निवेश करना शुरू किया। ठगो के द्वारा अलग-अलग समय पर उससे किस्तों में पैसा दूसरे खातों में भिजवाया गया।

## शहीदी दिवस पर शहीदों को याद किया

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ शहीद राजा नगर सिंह पार्क में शहीदी स्मारक पर रविवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक पं. मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचन्द शर्मा, पार्षदगण और भारतीय जाट सभा के प्रधान सुभाष चौधरी और पदाधिकारी के अलावा बस अड्डा मार्किट के गणमान्य जन और गणमान्य शहरवासी मौजूद रहे। बता दें कि 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में इन सभी देश भक्तों को फांसी दी गई थी और उन्होंने देश प्रेम में हंसते-हंसते मौत को गले लगा लिया था। हम ऐसे अमर शहीदों को नमन वंदन और श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।



### शराब तस्करी के मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शराब तस्करी के 2 अलग-अलग मामलों में थाना एनआईटी व पुलिस चौकी अग्रसेन चौक की टीम ने क्रमशः आरोपी गुलशन कुमार व सुमित को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी गुलशन कुमार निवासी एसी नगर, एनआईटी फरीदाबाद को 4-5 चौक एनआईटी 5 से 50 पव्वे देशी शराब सहित व पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने आरोपी सुमित वासी गांव चुलकाना जिला पानीपत हाल तिरखा कॉलोनी कॉलोनी से 56 पव्वे सहित से काबू किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# टीबी के इलाज को लेकर अभी भी हिचकिचाते हैं मरीजः डॉ. विद्या नायर

## मरीजों को पूरा इलाज कराने की सख्त जरूरत, ताकि संक्रमण पूरी तरह खत्म हो सके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर ग्रेटर फरीदाबाद, सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विद्या नायर ने कहा कि टीबी (ट्यूबरक्युलोसिस) के इलाज को लेकर अभी भी मरीजों में हिचकिचाहट देखी जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जागरूकता बढ़ाने और सही जानकारी देने से ही इस बीमारी के इलाज को प्रभावी बनाया जा सकता है।

डॉ. विद्या नायर ने बताया कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, लेकिन मरीजों में इससे जुड़े कई मिथक और डर बने हुए हैं। कई लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और जब तक वे डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक बीमारी गंभीर हो चुकी होती है। वहीं, कुछ मरीज इलाज शुरू करने के बाद बीच में ही दवा छोड़ देते हैं, जिससे संक्रमण दोबारा बढ़ सकता है और दवा प्रतिरोधक टीबी का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे कि निशुल्क जांच और दवा उपलब्ध कराना, निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को आर्थिक सहायता देना आदि। इसके बावजूद जानकारी के अभाव में कई लोग इन सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते। डॉ. नायर ने अपील की कि लोग किसी भी प्रकार की खांसी, बुखार, वजन कम होना या रात में पसीना आने जैसे लक्षणों को हल्के में न लें और तुरंत डॉक्टर से जांच करवाएं। साथ ही टीबी मरीजों को पूरा इलाज पूरा करने की सख्त जरूरत है ताकि संक्रमण पूरी तरह खत्म हो सके। समुदाय, स्वास्थ्य कर्मियों और सरकारी प्रयासों के समन्वय से टीबी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस दिशा में एकॉर्ड अस्पताल भी जनजागरूकता अभियानों के जरिए लोगों को शिक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।



## शिकायतकर्ता महिला ने दंपती पर विश्वासघात एवं दुष्कर्म का आरोप लगाया

# श्रीलंकाई महिला ने दंपती पर लगाए गंभीर आरोप, फर्जी कागजात बनाकर आरोपी ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

बादशाहपुर थाना में श्रीलंकाई मूल की महिला ने गुरुग्राम के विनीत व ऋचा भारद्वाज (पति-पत्नी) पर जालसाजी कर शादी करने व उसका शारीरिक व आर्थिक शोषण करने को लेकर केस दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ता महिला ने दंपती पर धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र रचने, चोरी, चोट पहुंचाना, बच्चे को खतरे में डालने, आपराधिक विश्वासघात, धन उगाही, दहेज उत्पीड़न, अदालती सम्मन को रोकना, झूठी गवाही, आपराधिक अतिक्रमण व धमकी देने आदि के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि आरोपी विनीत ने उसे झांसे में लेकर पहले उसकी श्रीलंका की सम्पत्ति बेचकर वहां कोर्ट मैरिज की। इसके बाद उसे भारत में बुलाया और उसका लगातार शारीरिक व आर्थिक शोषण किया। श्रीलंका की मूल निवासी महिला ने बताया कि विनीत से उसकी वर्ष 2006 से पहचान है। विनीत ने उस समय श्रीलंका में उसका फ्लैट किराए पर लिया था। वर्ष 2006-2008 के दौरान उन्होंने श्रीलंका में उसके परिवार और गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद विनीत ने उसे फिर से ईमेल किया और वर्ष 2013 में श्रीलंका में उससे मिला और उसने झूठ बोलकर और गलत तथ्य प्रस्तुत कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विनीत ने ऋचा से तलाक लेने की बात कही थी। इसके बाद वर्ष 2014 में विनीत की नौकरी चली गई और उसने शिकायतकर्ता महिला से यह कहते हुए पैसे उधार लेने शुरू कर दिए कि उस पर व्यवसाय के लिए कर्ज है, जिसमें से उसे भी लाभ का हिस्सा देगा। महिला ने विनीत पर आरोप लगाया कि वर्ष 2015 में उसे और उसके बेटे अलेक्जेंडर (जो उसके पिछले रिश्ते से वर्ष 2009 में पैदा हुआ था) को श्रीलंका से नेपाल ले जाकर कहा कि वह अलेक्जेंडर को भी स्कूल और अच्छा व्यवसाय देगा। लेकिन नेपाल जाने के बाद भी विनीत ने महिला का यौन शोषण जारी रखा और जबरदस्ती और भावनात्मक ब्लैकमेल कर उससे पैसे लिए। विनीत ने उसे और अलेक्जेंडर को नेपाल का वीजा लिए बिना एक सस्ते वाइन बार के एक कमरे में रखा।

### श्रीलंका में की कोर्ट मैरिज पहली पत्नी के साथ केवल कागजों में तलाक

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि विनीत ने श्रीलंका में कोर्ट मैरिज की और उसके बाद उसे भारत लेकर आया। बाद में उसे पता चला कि विनीत व ऋचा ने उसे धोखा देने के लिए केवल कागजों में ही तलाक लिया। जबकि वे दोनों पति पत्नी की तरह रहते रहे और सामाजिक रूप से खुद को शादीशुदा जोड़े के रूप में दिखाते रहे। विनीत ने वर्ष 2023 में उसके सामने कबूल किया।

### सनसिटी के मकान का 50 फीसदी हिस्सा देने का झांसा देकर रकम वसूली

महिला ने आरोप लगाया कि विनीत ने उसे सनसिटी के घर का 50 फीसदी हिस्सा देने का वादा किया। जिसकी कीमत करोड़ों में बताई। इस बहाने घर की ईएमआई चुकाने के साथ-साथ कुछ और रकम ली। आरोप है कि विनीत ने उसकी अलमारी से सनसिटी शीर्षक के कागजात चुरा लिए। विनीत ने बैंगलोर का किराया चुकाए बिना उसे बैंगलोर में छोड़ दिया।

### 20-20 लाख के दो चेक हुए बाउंस

महिला ने आरोप लगाया कि विनीत ने उसका कर्ज चुकाने के नाम पर 25 नवंबर 2021 को 20-20 लाख रुपए के दो पोस्ट डेटेड चेक दिए। जो अक्टूबर 2024 में बैंक में लगाने ही बाउंस हो गए। इसके बाद आरोपी ने महिला को स्टूल, बेल्ट और कैथेटर ट्यूब आदि जैसी चीजों से मारना शुरू कर दिया।

### आइकॉनिक व्हाइट ने रचा इतिहास

**गुरुग्राम।** भारत की स्पिरिट कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने अपनी आइकॉनिक व्हाइट के साथ नया मुकाम हासिल किया है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने कहा, एफवाय 25 के केवल 344 दिनों में ही 50 लाख केस पार कर जाना एबीडी के लिए एक निर्णायक क्षण है। आइकॉनिक अपने सॉफिस्टिकेटेड ब्लेंड और स्टाइलिश पैकेजिंग के चलते युवकों के बीच भारत की नंबर वन ट्रेंडिंग बन चुकी है। वैश्विक विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बल पर, हमारा ब्रांड 5 देशों में अंतरराष्ट्रीय मान्यता भी प्राप्त कर चुका है। माइलस्टोन ऊँचे मार्जिन वाले प्रेस्टीज एंड एबव सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर केंद्रित हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है, तथा घरेलू व वैश्विक स्तर पर हमारी मैन्युफैक्चरिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन की एकीकृत सामर्थ्य को शिखर पर ले जाता है।

## एग्जॉस्ट फैन हटाकर घुसे, थाने से 30 फीट की दूरी

# फरीदाबाद की दुकान में चोरी कैश कपड़े और जूते ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबाद मार्किट में चोर गारमेंट की दुकान में घुसकर कैश और कपड़े चोरी करके ले गए। चोरी की ये वारदात पुलिस थाने से करीब 30 फीट की दूरी पर हुई है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

फरीदाबाद के रहने वाले भरत ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद मार्किट में उनकी रॉक पोर्ट के नाम से कपड़ों और जूते की दुकान है। शनिवार की देर रात को उनकी दुकान में चोर घुस गए, चोर दुकान के अंदर से मंहगे कपड़े, जूते सहित 45 हजार के करीब कैश चुराकर ले गए। चोर दुकान के पीछे चल रहे निर्माणाधीन इमारत में से घुसकर दुकान की दीवार पर लगे एग्जॉस्ट फैन को हटाकर अंदर आ गए। रविवार की सुबह उनको पता चला कि दुकान में चोरी हो गई है। दुकान के मालिक भरत ने बताया कि दुकान के अंदर से चोरी किए कपड़ों की कीमत का सही से आंकलन नहीं किया जा सका है, लेकिन चोर दुकान से लाखों की कीमत के कपड़े चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान में तीन हिस्से बने हुए है। चोर सबसे ज्यादा चोरी पार्टी वियर कपड़ों के हिस्सों में करके लेके गए है।

मार्केट की जिस दुकान से चोर रात के समय चोरी करके ले गए है, वहां से थाने की दूरी करीब 30 फिट ही है। चोर बिना किसी डर के कपड़े और कैश को चोरी कर ले गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सांसद की जीभ काटने पर एक लाख इनाम




**आगरा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन व तहरीर दी। वहीं सपा सांसद रामजी लाल सुमन का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा, एक लाख का इनाम दिया जाएगा।

### चूहों की बलि चढ़ाने वाले आईपीएस का तबादला



**मुरादाबाद।** खुद को कल्कि अवतार बताकर चूहों की बलि देने वाले और कछुओं पर मोमबत्ती लगाने वाले ट्रेनी आईपीएस रोहन झा को मुरादाबाद से हटा दिया गया है। बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने उनकी भूमिका की जांच कर रिपोर्ट एडीजी के जरिए मुख्यालय भेज दी है, इसके आधार पर डीजीपी ने उन्हें मुख्यालय से संबद्ध किया है। उनकी अजीबोगरीब हरकतों ने अधीनस्थों को सकते में डाल दिया।

### हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद के सदर गिरफ्तार



**संभल।** जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआइटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है। एएसपी का कहना है 24 नवंबर के बवाल में आरोपी बनाया गया है।

# अब छात्रों को किताबों के लिए नहीं पड़ेगा भटकना झारखंड के प्रत्येक जिले में खोली जाएगी लाइब्रेरी

स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के पढ़ने की व्यवस्था के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के बैठने की व्यवस्था होगी। लाइब्रेरी में जाकर पढ़ने के लिए समय निर्धारित किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड के हर जिले में एक-एक लाइब्रेरी खुलेगी। कोलकाता व दिल्ली में चल रही लाइब्रेरी की तर्ज पर झारखंड के जिलों में भी लाइब्रेरी खोली जाएगी। झारखंड सरकार ने कोलकाता और दिल्ली की लाइब्रेरी का अध्ययन करवाया है। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग की टीम ने दोनों राज्यों की लाइब्रेरी का भ्रमण कर उसके संचालन के तौर-तरीके को जाना है। झारखंड के सभी 24 जिलों में एक-एक लाइब्रेरी खुल सकेगी। इसमें 500-500 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के पढ़ने की व्यवस्था के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के बैठने की व्यवस्था होगी। लाइब्रेरी में जाकर पढ़ने के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। इसमें जाने के लिए पास भी एलॉट किए जा सकेंगे। समाचार पत्र, पत्रिका से लेकर किताबें यहां पढ़ने के लिए उपलब्ध रहेंगी। सरकार फिलहाल लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ने के लिए किताबें व स्थान उपलब्ध कराएगी।

### इसके लिए टोकन मनी निर्धारित की जाएगी

इसके लिए लाइब्रेरी का सदस्य बनना होगा और एक टोकन मनी इसके लिए निर्धारित की जाएगी। इसमें वार्षिक शुल्क लगेगा। लाइब्रेरी के बनने से जिलों में संस्थानों के अलावा छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए एक निश्चित स्थान मिल सकेगा।

## बिठूर महोत्सव में सीएम योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना, कहा-

# पहले की सरकारों ने कानपुर महानगर को बनाए रखा पिछड़ा

बिठूर महोत्सव के अंतिम दिन सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होने के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने कानपुर को पिछड़ा बनाए रखा।

एजेंसी ▶▶ कानपुर।

हर साल की तरह इस बार भी कानपुर में बिठूर महोत्सव का आयोजन का 21 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चला। महोत्सव के अंतिम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम शामिल होने के लिए पहुंचे। कानपुर में बिठूर महोत्सव के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'कानपुर में अस्त्र शस्त्र की प्रदर्शनी लगी हुई है। यह आप सभी को देख कर जाना है। अस्त्र शस्त्र हमारी विरासत की पहचान हैं इन्हीं की बदौलत महारानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे और छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों को धूल चटा दी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महापुरुषों के गौरव को आगे बढ़ाने में हमारी सरकार लगी हुई है। सीएम ने कहा कि जो व्यक्ति हमारे महापुरुषों का सम्मान नहीं कर सकता, उसके लिए भारत में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि, ' कानपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन पहले की सरकारों ने कानपुर को पिछड़ा बनाए रखा। जो कानपुर पहले देश के 4 महानगरों के लिए जाना जाता था, उसके लिए पहले की सरकारों ने कुछ भी नहीं किया था। अंग्रेज चले गए लेकिन अपने मानस उत्तराधिकारियों को छोड़ कर चले गए, जो देश को लूटने में लगे हुए हैं।'

### खास बातें

- अस्त्र शस्त्र हमारी विरासत की पहचान
- देश के 4 महानगरों में जाना जाता कानपुर
- अविरल – निर्मल गंगा के दर्शन होते हैं कानपुर में

### सीएम ने कहा-बिठूर क्रांतिकारियों की भूमि



उन्होंने कहा कि बिठूर की यह भूमि क्रांतिकारियों की भूमि है। भारत के महानायकों और महान क्रांतिकारियों के शौर्य की यह भूमि है। यूपी अब तेजी से आगे बढ़ रहा है यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है।अभी प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का भी आयोजन हुआ इसमें दुनिया भर के 66 करोड़ से ज्यादा सनातनियों ने हिस्सा लिया। महाकुंभ की सफलता के लिए इसमें जो बुनियादी आधार रहा है उसमें आप सभी का भी योगदान रहा है। नमामि गंगे योजना से माँ गंगा भी अविरल हुई हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का विशेष योगदान रहा है। अब हमें अविरल और निर्मल गंगा के दर्शन होते हैं यह हमारी विरासत को दिखाता है।

### अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

दो घंटे 40 मिनट तक चली समीक्षा बैठक में विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही, मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक, यातायात, जयपुरिया व दादानगर क्रॉसिंग ओवरब्रिज समेत दूसरी योजनाओं पर चर्चा की। अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### सीएम ने मेट्रो स्टेशन का किया निरीक्षण

सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को कानपुर के दौरे पर पहुंचे हैं, जहां सबसे पहले उन्होंने चुन्नीगंज में मेट्रो स्टेशन और कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया। इसके बाद सर्किट हाउस स्थित प्रेसीडेंसियल सुइट निर्माण को देखने गए।

## बिहार में कांग्रेस की नई धार के लिए रणनीति तैयार!

# बदले अध्यक्ष और प्रभारी, अब राहुल-खरगे की होगी बड़ी बैठक



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी शुरू हो गई है. राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं और अपनी रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस भी अपनी पुरानी जमीन को तलाशने के लिए पहल शुरू कर दी है। 25 मार्च को दिल्ली में बिहार कांग्रेस की बैठक होगी, जहां आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी।

कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 मार्च को दिल्ली में होने वाली है, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। यह बैठक दोपहर 2.30 बजे इंदिरा भवन में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। पार्टी ने पिछले एक महीने में अपने प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव किया है। पहले यह बैठक 12 मार्च को आयोजित करने की योजना थी, लेकिन अब यह 25 मार्च को होगी।

किन मुद्दों पर 'इंडिया' गठबंधन बिहार में चुनाव लड़ेगा? किन मुद्दों को जोर से उठाने की जरुरत है और 'इंडिया' गठबंधन का आकार और संरचना बिहार में कैसी होगी ? इन सारी बातों पर कांग्रेस की बैठक में चर्चा हो सकती है।

पटना में जब कांग्रेस के प्रभारी अल्लावरू कृष्णा और मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा से आरजेडी के साथ गठबंधन पर सवाल पूछा गया तो दोनों ने कहा कि समय आने पर इस सवाल का जवाब मिल जाएगा, जबकि बिहार में फिलहाल कांग्रेस और आरजेडी का गठबंधन है। बिहार में चुनाव से आठ महीने पहले कांग्रेस ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदलकर सबको चौंका दिया था। राजेश कुमार बिहार कांग्रेस के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। वो औरंगाबाद के कुटुंबा से दो बार के विधायक हैं।

### 20% दलित परंपरागत रूप से सत्ता के साथ

राजेश कुमार के जरिए दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश होगी, जिस पर जीतन राम मांझी और चिराग पासवान का कब्जा है। बिहार में करीब 20 फीसदी दलित हैं जो परंपरागत रूप से सत्ता के साथ ही रहना चाहते हैं। भाजपा और जेडीयू के पास भी कोई बड़ा दलित चेहरा नहीं है। मगर बिहार में कांग्रेस के लिए खोने को कुछ नहीं है। शायद यही बदलाव कुछ काम कर जाए, ऐसी उम्मीद कांग्रेसी बिहार विधान सभा चुनाव के लिए कर रहे होंगे।

### 'कांग्रेस का नारा होगा सरकार बदलो-बिहार बदलो'

एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार सत्याग्रह और क्रांतियों का जनक है। लेकिन आज बिहार के लोग पलायन के लिए मजबूर हो गए हैं। यहां के नौजवानों में हुनर की कोई कमी नहीं है, पर उनके हुनर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। अब बिहार को बदलना है, तो बिहार की सरकार को बदलना है। 'सरकार बदलो-बिहार बदलो' ये नारा हम यहां से दे रहे हैं।

# दो बच्चियों के साथ दरिंदगी आरोपी मुठभेड़ में घायल



एजेंसी ▶▶ हाथरस

यूपी के हाथरस से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने पास के गांव की दो बच्चियों को हवस का शिकार बनाया। युवक ने एक के साथ रेप किया। जबकी दूसरे के साथ छेड़छाड़ की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख युवक ने पुलिस पर फायररिंग की जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया।

### घर में घुसकर किशोरी से गैंगरेप, बनाया वीडियो

उधर, कौशांबी के चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से घर में घुसकर युवकों ने दुराचार किया। आरोपियों ने रेप का वीडियो बनाया। वीडियो के जरिए वह किशोरी को ब्लैकमेल कर रहे थे। किशोरी की शादी तय हो गई तो युवकों ने वीडियो को इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर भी डाल दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## अखिलेश ने शेयर किया वीडियो

# जलते छप्पर के नीचे से स्कूल बैग को सीने से लगाकर

एजेंसी ▶▶ अंबेडकरनगर।



यूपी के अंबेडकरनगर में तीन दिन पूर्व हुई बुल्डोजर कार्रवाई के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक प्राथमिक विद्यालय की छात्रा आग से जल रहे छप्पर के नीचे से भागती हुई निकलती है। उसके हाथ में स्कूल बैग था। उसे उसने सीने से लगा रखा था। वीडियो सामने आया तो लोग बच्ची के लगन को सराह रहे हैं। उसे भविष्य में सफल होने की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

मामला जलालपुर तहसील के अरई गांव का है। यहां तीन दिन पहले प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। झोपड़ियां हटाते समय एक झोपड़ी के छप्पर में आग लग गई। अधिकारी उसे बुझाने में जुट गए। लेकिन, उस समय वहां पर एक बच्ची ऐसी भी थी, जिसे अपने भविष्य की चिंता सता रही थी। उसे महसूस हुआ कि यदि झोपड़ी के अंदर रखा उसका स्कूल बैग आग से जल गया तो वह आगे की पढ़ाई कैसे कर सकेगी। घरवाले पता नहीं दोबारा पुस्तक खरीद सकेंगे या नहीं।

जब तक अधिकारी या मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते बच्ची अदंर की ओर भागी। कुछ ही पलों में स्कूल बैग को सीने से लगाए हुए दौड़ती हुई बाहर निकली। जान की परवाह किए बगैर स्कूल बैग के लिए जल रही झोपड़ी के अंदर जाकर बैग लाने के बच्ची के इस दृश्य को जिसने भी देखा वह स्तब्ध रह गया। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### अखिलेश ने भाजपा सरकार को निशाने पर लिया

वीडियो पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने इस वीडियो को अपने एक्स अकाउंट से शेयर करके सरकार को निशाने पर लिया। लिखा कि, 'अंबेडकरनगर के एक प्रशासनिक अधिकारी अपनी शान दिखाने के लिए लोगों की झोपड़ियां गिरा रहा है। एक बच्ची अपनी किताबें बचाने के लिए भागने पर मजबूर है। ये वही भाजपाई लोग हैं, जो कहते हैं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'।

## दुर्घटना में शहीद के बेटे की मौत

# परिजनों के साथ धरने पर बैठे फैजाबाद सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज के पास शनिवार की देर शाम लगभग आठ बजे शहीद राजकुमार यादव के बेटे की दुर्घटना में मौत हो गई। वह सोहावल तहसील में लिपिक के पद पर तैनात थे। परिजनों ने तहसील के एक प्रशासनिक अधिकारी पर लिपिक का बाल मुंडवाने व उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। आरोपी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों ने जिला अस्पताल के सामने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान रास्ते में जाम लगा रहा। डीएम ने कार्रवाई और जांच का भरोसा दिया, तब लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

### अवधेश बोले-एसडीएम को जेल भेजा जाए

सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा- एसडीएम ने हत्या करवाई है। मंगलवार को शिवम का सिर मुंडवाया था, उसको प्रताड़ति करते थे। शहीद का बेटा भाजपा के राज में आज शहीद कर दिया गया। हम मांग करते हैं कि रोते-बिलखते परिवार को उत्तर प्रदेश सरकार हर्जाना दे। एसडीएम पर एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जाए।

# मुस्कान के साहिल के अलावा कई लड़कों से थे संबंध!



एजेंसी ▶▶ मेरठ।

यूपी के मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। सौरभ की बहन ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सौरभ की बहन सिमरन के मुताबिक, मुस्कान नशा करती है। सौरभ के लंदन जाने के बाद वह कई लड़कों को घर बुलाती थी। फिल्म में काम करने की बात कहकर वह घर से गााजियाबाद भाग गई थी। वह नोएडा में किसी लड़के के साथ पांच दिन तक रही थी। सौरभ की हत्या में मुस्कान का परिवार भी शामिल रहा। उनकी नजर सौरभ की प्रॉपर्टी थी। उसके पैसे से मुस्कान के परिजनों ने अपना घर बनाया और नई गाड़ी खरीदी। मुस्कान की बहन ने आईफोन खरीदा।

## पेज एक का शेष

### आईपीएल में ...

सनराइजर्स ने 44 रनों से शानदार जीत हासिल की। राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 287 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए वो छह
विकेट पर 242 रन ही बना सकी। मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 286 रन बनाए। ये आईपीएल इतिहास में किसी टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद ने ही बनाया हुआ है। हैदराबाद ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इसी मैदान पर 3 विकेट खोकर 287 रन बनाए थे।

### आक्रांताओं जैसी...

किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आक्रमणकारी या आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा हैं। दिल्ली में एक औरंगजेब रोड थी, जिसका नाम बदलकर अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया। इसके पीछे कुछ कारण थे। औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को हीरो नहीं बनाया गया। गंगा-जमुनी तहजीब की वकालत करने वालों ने कभी दारा शिकोह को आगे लाने के बारे में नहीं सोचा। क्या हम किसी ऐसे व्यक्ति को आइकॉन बनाएंगे जो भारत की संस्कृति के खिलाफ था, या हम उन लोगों के साथ जाएंगे जिन्होंने इस भूमि की परंपराओं के अनुसार काम किया? उन्होंने कहा कि अगर आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी जाती है तो यह आजादी की लड़ाई है। उनसे पहले जो लोग थे यानी अंग्रेजों से पहले, उनके खिलाफ लड़ाई भी आजादी की लड़ाई थी। महाराणा प्रताप ने जो किया, वह आजादी की लड़ाई थी।

### धर्म आधारित...

*खिलाफ हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।*

### भाजपा अध्यक्ष के ...

हमारे समाज में जाति-बिरादरी के हिसाब से आपस में झगड़े नहीं होने चाहिए। जब स्पार्ट्स में कोई मेडल आता है या फिर कोई सैनिक बॉर्डर पर शहीद होता है तो हम उसका धर्म-जाति नहीं देखते। हमें उन पर गर्व होता है। यही सद्भाव है।

### जांच कमेटी ...

यह उनका नहीं है। तो फिर यह कैश आया कहां से? किसने उसे रखा? और, इतनी सख्त सुरक्षा घेरे वाले बंगले में कोई यदि घुसा तो कैसे घुसा? गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस शील नागु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। यह कमेटी जांच कर अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपेगी। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा को किसी भी न्यायिक कार्य से अलग कर दिया गया है। पहले उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की योजना थी, लेकिन आलोचनाओं के बाद उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश दिया गया है कि वे जस्टिस वर्मा को कोई भी कार्य न सौंपें। सीजेआई ने निर्देश दिया कि जस्टिस वर्मा अपना मोबाइल फोन सुरक्षित रखें और किसी भी डेटा, कॉल या मैसेज को न हटाएं। इसके अलावा, उनके फोन नंबरों के पिछले छह महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे गए। दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी के बाद सुप्रीम कोर्ट को 21 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके बाद 22 मार्च की देर रात सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने 3 तस्वीरें भी जारी की है, जिसमें 500 रुपए के जले हुए नोटों के बंडल दिख रहे हैं।

### बंगले में किसी ...

अलावा किसी अनधिकृत प्रवेश का कोई संकेत नहीं मिला। मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती। इसलिए मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।

### जस्टिस वर्मा ...

▶ 15 मार्च की सुबह किस व्यक्ति ने जले हुए नोटों को उस कमरे से हटाया था?

### कोई खुले ...

सदस्य ने वहां नकदी नहीं रखी थी। यह सोचना भी अजीब है कि कोई खुले स्टोररूम में इतनी नकदी रखेगा। यह एक साजिश है।

### 3 दिन में 5 ...

केदारनाथ के लिए 1 लाख 66 हजार 576 और बदरीनाथ धाम के लिए 1.55 लाख 46 के रजिस्ट्रेशन हुए है।
हेमकुंड साहिब के लिए 5151 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शुरुआती तीन दिनों में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की संख्या 5.17 लाख पहुंच गई है। ऑनलाइन उमड़ रहे श्रद्धालुओं के सैलाब को देखते हुए सरकार को इस बार व्यापक इंतज़ाम करने होंगे। जबकि, प्राइवेट गाड़ियों से आने वाले भक्तजनों की रजिस्ट्रेशन संख्या 5802 के पार पहुंच चुकी है। चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए सड़कों, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आदि की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। आपको बता दें कि उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विगत दिनों चारधाम पर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के सख्त निर्देश जारी किए थे।

### केदारनाथ पैदल ...

द्वारा अभी मजदूरों के जाने लायक रास्ता तैयार किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर ग्लेशियर आने से बर्फ अधिक हैं वहां कई बार मुश्किलों के बीच काम चल रहा है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/25/15, दिनांक: 20/03/2025** । भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति के लिए स्थापित विश्वसनीय निर्माता से इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित ई-निविदा/निविदाएँ विद्युत रेल इंजन के निर्माण के लिए सामग्रियों की आपूर्ति हेतु हैं। प्रत्याशित/संभावित आपूर्तिकर्ताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है। ये ई-निविदाएँ हैं; इन निविदाओं के लिए किसी भी परिस्थितियों में मैनुअल प्रस्ताव बोलियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी; केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव बोलियाँ ही स्वीकार की जाएंगी। विस्तृत निर्देशावलियों के लिए कृपया वेबसाइट का अवलोकन करें। **क्रम संख्या; निविदा संख्या; भंडारों का विवरण; मात्रा; नियत तारीख; निविदा की कीमत** निम्नलिखित हैं: **[050]; 14242505सी;** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0009/सी के अनुसार प्राइमरी वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर। [मात्रा सहनशीलता (±): 5%, आयटम की श्रेणी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमति: अधिकतम 8 लाख]; **निविदा/दस्तावेज के अनुसार; 08/04/2025;** रु. 0.00। **[051]; 14242543डी; (1)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 41ए, 3 पोल (टाइप-16) 02 संख्यक (02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 02 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(2)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/ 0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-1) के बगैर सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, **(3)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-2) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(4)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-3) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(5)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 63ए, 3 पोल (टाइप-17) 02 संख्यक (04 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 04 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(6)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, 3 पोल (टाइप-18) 02 संख्यक (**i**. 07 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 06 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद, **ii**. लोको में एसी सिस्टमों में फीटिंग के लिए 01 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकर तैयार किया जाएगा), **(7)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार एसी सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, 1 पोल (टाइप-20) (सिर्फ 02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकर युक्त एक सेट), **(8)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 16ए, 3 पोल (टाइप-14) 02 संख्यक (02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 02 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(9)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार एसी सर्किट ब्रेकर 11ए, 1 पोल संशोधित (टाइप-21), **(10)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-7) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(11)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कम्प्रेशर (टाइप-6) के लिए ऑक्जीलरी कंटैक्ट के बगैर सर्किट ब्रेकर। [मात्रा सहनशीलता (±): 5%, आयटम की श्रेणी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमति : अधिकतम 8 लाख]; **निविदा/दस्तावेज के अनुसार; 10/04/2025;** रु. 0.00।

[PR4-860] पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways



# 175 करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे एक्टर बने अल्लू अर्जुन

**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन डायरेक्टर एटली के साथ एक मेगा बजट फिल्म में काम करने वाले हैं। फिल्म का स्केल काफी बड़ा है जिसमें एक्टर की मास एंट्री से लेकर, कई सारे मसालेदार मोमेंट्स भी शामिल होंगे। अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म में काम करने के लिए 175 करोड़ रुपए के साथ फिल्म के मुनाफे से 15% लेने की मांग रखी है। एक सूत्र ने बताया, 'अल्लू अर्जुन ने सन पिक्चर्स के प्रोड्यूसर के साथ 175 करोड़ रुपए की डील साइन की है। उसके साथ ही उनके फिल्म के प्रॉफिट से 15% लेने की भी मांग सामने आई है। ये इस दौर में किसी भी एक्टर द्वारा साइन की गई सबसे बड़ी डील में से एक है।

लाइफ Style

# अनन्या
## आप सब कुछ कर सकते हैं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अनन्या पांडे ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी स्टोरीज पर 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक खास तस्वीर शेयर की। साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर फिल्म के कलाकार आदर्श गौरव और मुस्कान जाफरी की प्रशंसा की।

अनन्या ने फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें आदर्श गौरव और विनीत कुमार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, फिल्म देखना जादू जैसा है। दर्शक ताली बजाते हैं, सीटी मारते हैं, हंसते हैं और फिल्म के हर पल को महसूस करते हैं। अनन्या ने अपने फैंस से भी 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' को थिएटर में जाकर फिल्म देखने की गुजारिश की। साथ ही अनन्या ने उन्होंने अपने दोस्त आदर्श गौरव की तारीफ की और लिखा, 'मेरे दोस्त - आप वाकई कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं गौरव आर्दश'। साथ ही, अपनी को-स्टार मुस्कान जाफरी के लिखा, 'बहुत ज्यादा प्यार।'

अनन्या ने फिल्म के सभी कलाकारों और टीम को बधाई दी। इस फिल्म को रीमा कागती ने डायरेक्ट किया है और वरुण ग्रोवर ने लिखा है। इसमें आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह जैसे कई कलाकार हैं। फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने बनाया है। यह अभी सिनेमाघरों में चल रही है। वहीं, काम की बात करें तो अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म केसरी 2 का पहला लुक भी शेयर किया है।



हॉलीवुड मसाला




# अगले साल का ऑस्कर करेंगे होस्ट

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से सोमवार को बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।'




# बूढ़े रेसर बन फॉर्मूला वन की रेस जीतने निकले ब्रैड

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'एफ 1' का ट्रेलर गुरुवार शाम को जारी किया गया था, जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट एक बूढ़े रेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो फॉर्मूला वन में वापसी कर रहा है। इसे वास्तविक स्थानों पर असली फॉर्मूला कारों में फिल्माया गया है। प्रशंसकों ने भी ट्रेलर और स्कोर की तारीफ की है। ट्रेलर को रिलीज हुए 48 घंटे हो चुके हैं। यूट्यूब पर ट्रेलर को अब तक एक करोड़ 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस इस ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा की हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह फिल्म बेस्ट स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी तो वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया।



# रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बिखेरा जलवा...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की मोस्ट फेमस और स्टाइलिश डीवा हैं। जाह्नवी का स्टाइल स्टेटमेंट और फैशन सेंस फैंस को क्रेजी कर देता है। अब एक बार फिर एक्ट्रेस के ग्लैमरस अंदाज पर फैंस की निगाहें अटक गई हैं। जाह्नवी कपूर ने रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में अपनी सुपर सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। रेड शिमरी बोल्ड ड्रेस में एक्ट्रेस का किलर लुक देखने लायक है। फैंस उनपर फिदा हो गए हैं। रेड ड्रेस संग एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स देकर ओपन ही रखा। ग्लॉसी न्यूड लिपस्टिक, स्मोइकी आई मेकअप में जाह्नवी सुपर गॉर्जियस लगीं। उनका स्वैग और एटीट्यूड किसी की भी धड़कनें तेज करने के लिए काफी है। वेस्टर्न ड्रेस संग एक्ट्रेस ने स्टेटमेंट नेकलेस कैरी किया है। साथ ही मैचिंग ईयररिंग्स भी पहने हैं।





# 'ठग लाइफ' की टीम ने दीं शुभकामनाएं

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने प्रचार अभियान को इंडियन प्रीमियर लीग से जोड़कर दर्शकों का ध्यान खींचने का अनोखा तरीका अपनाया है। हाल ही में फिल्म की टीम ने एक मोशन पोस्टर जारी किया, जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को उनके पहले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। हाल ही में 'ठग लाइफ' के निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी किया, जिसमें कमल हासन और सिलंबरासन टीआर नजर आए। पोस्टर की टैगलाइन थी- वन रूल नो लिमिट्स। इसमें फिल्म की कहानी की हल्की सी झलक दिखाई दी। इसके बाद टीम ने सोशल मीडिया पर एक मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट की दुनिया को जोड़ा गया।

टीवी मसाला

# झनक पहुंची सलाखों के पीछे क्या अनिरुद्ध कर पाएगा मदद

**मुंबई।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि अर्शी ने झनक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट करवाई थी। झनक को अरेस्ट करने पुलिस उनके घर आई है। पुलिस की अरेस्ट की बात सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा। अनिरुद्ध कहेगा कि झनक की कोई गलती नहीं है, लेकिन पुलिस उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। वहीं, झनक के जाने से पहले अनिरुद्ध उससे हाथ जोड़कर माफी मांगेगा। अर्शी अनिरुद्ध को इस तरह देखकर हैरान रह जाएगी। आनेवाले एपिसोड में आप देखेंगे कि झनक सलाखों के पीछे होगी। वहीं, ललॉन कहेगा कि वो कमिश्नर की मदद से झनक का केस सुलझाएगा। वहीं, अनिरुद्ध झनक से मिलने जेल जाएगा। अनिरुद्ध को देखकर झनक उससे सवाल करेगी कि वो यहां क्या कर रहा है। अनिरुद्ध कहेगा कि क्या वो नहीं आ सकता? इसके बाद झनक उसे अर्शी के बारे में याद दिलाएगी।



## किसी की नहीं सुनेगा अरमान स्ट्रेस नहीं लेने की कही बात

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। शिवानी और अभिरा अरमान को यह समझाने की कोशिश करेंगी कि उसे विद्या को एक मौका और देना चाहिए। शिवानी समझाएगी कि क्या पता विद्या को माफ करके उसके दिल का मैल भी निकल जाए, लेकिन अरमान किसी की नहीं सुनेगा। अगली सुबह अरमान और अभिरा शहर से बाहर रूही और रोहित से मिलने पहुंचेंगे। अभिरा कहेगी कि अभी उसे किसी तरह का स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए। तब रूही सरोगेसी के कागज अभिरा को देते हुए कहेगी कि सबसे पहले तो तुम मेरा यह सबसे बड़ा स्ट्रेस अपने पास रख लो। क्योंकि ये कागज अगर पौद्दार हाउस में किसी के हाथ लग गए तो तूफान आ जाएगा। लेकिन उन्हें नहीं पता होगा कि संजय दादी सा को लेकर वहां पहुंच गया है। दादी सा रूही के हाथ से ये फाइल छीन लेंगी और कहेंगी कि ऐसा क्या लिखा है इस फाइल में? जब कोई कुछ नहीं बोलेगा तो कावेरी पौद्दार खुद ही यह फाइल खोलकर पढ़ने का फैसला लेंगी लेकिन तभी रूही उनसे यह फाइल छीन लेगी।





# पर्दे के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर रणबीर से भिड़ेंगे यश...

**मुंबई।** इस साल ईद के मौके पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होने वाली है। अगले साल ईद के मौके पर दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं। एक फिल्म 26 मार्च 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का नाम 'टॉक्सिक' है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार यश हैं। दूसरी फिल्म 'लव एंड वार' है। यह फिल्म भी ईद के आस-पास ही रिलीज होने वाली है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। ऐसे में अगले साल यश और रणबीर कपूर की फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर टकराव देखने को मिल सकता है।



यश को फिल्म केजीएफ से पूरे देश में शोहरत मिली। उम्मीद की जा रही है कि वह 'टॉक्सिक' में भी अपनी पहले वाली छवि लेकर आएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसने अपने एलान के बाद से ही फैंस में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। दूसरी तरफ 'लव एंड वार' फिल्म है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। फिल्म में जबरदस्त विजुअल होंगे। फिल्म में भरपूर रोमांस और ड्रामा होगा। मजे की बात ये है कि यह पहली ऐसी जगह नहीं है जहां रणबीर और यश एक दूसरे से भिड़ेंगे।

# फिर गरजेंगे सनी, 'जाट' का प्रोमो हुआ रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फैंस को इसके ट्रेलर का इंतजार है, जो जल्द पूरा होगा। रविवार को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट पर अपडेट दिया है। उन्होंने इसका प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सनी देओल गरजते दिख रहे हैं। सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' (2023) ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर बवाल काटा। इसके जरिए उनका धांसू कमबैक हुआ और अभिनेता के पास फिल्मों की झड़ी लग गई। सनी देओल 'गदर 2' के बाद अब जल्द ही फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। इसके ट्रेलर का प्रोमो रविवार को पीपल मीडिया फैक्ट्री के इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर किया गया है। जारी प्रोमो में एक ट्रक दिखाया गया है। सनी देओल तेवर दिखाते नजर आए हैं। बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'सॉरी बोल'। मेकर्स ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'धमाकेदार ट्रेलर की झलक। पूरा ट्रेलर 24 मार्च को दोपहर 12.06 बजे रिलीज होगा'। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कंगना से लेकर स्मृति ईरानी तक इन अभिनेत्रियों ने राजनीति में रखा कदम

***मुंबई।** कंगना रनौत और स्मृति ईरानी आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां हैं और दोनों ही कामयाब राजनेता भी हैं। आज हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मी दुनिया से अपना करियर शुरू किया और आज कामयाब राजनेता हैं।*



**हेमा मालिनी** : हेमा मालिनी हिंदी सिनेमा में अपनी बेहतरीन किरदारों के लिए जानी जाती हैं। उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'शोले' का नाम शामिल है। उन्होंने साल 2004 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह 2014 से मथुरा से सांसद हैं।

**जया बच्चन** : जया बच्चन ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उन्होंने भी 'शोले' में अदाकारी की थी। वह अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं। जया बच्चन 2004 से समाजवादी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सदस्य हैं।



**किरण खेर** : किरण खेर बॉलीवुड में अपने बेहतरीन किरदार के लिए जाने जाती हैं। उन्होंने 'ओम शांति ओम' में बेहतरीन अदाकारी की थी। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं। साल 2014 में वह चंडीगढ़ से लोकसभा के लिए चुनी गईं।






**स्मृति ईरानी** : स्मृति ईरानी पहले टीवी का जाना माना चेहरा थीं। वह 'क्योंकि सास कभी बहू थी' से बहुत मशहूर हुईं। वह भारतीय जनता पार्टी से अमेठी से सांसद रहीं और गुजरात से राज्यसभा सदस्य रहीं। ईरानी 2019 से 2024 तक महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं। फिलहाल वह केंद्रीय मंत्री हैं।

***कंगना रनौत** : कंगना रनौत ने बॉलीवुड को 'गैंगस्टर' और 'क्वीन' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। फिलहाल वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद हैं। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री से भी नवाजा है।*



# 'अभी इतने ही बाल आए हैं, कैसी लग रही हूं मैं?

*मुंबई। हिना खान कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। कीमोथैरेपी, सर्जरी और उपचार की प्रक्रिया में अभिनेत्री ने अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने इसकी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। वे इवेंट और शूटिंग के दौरान विग का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, हिना के बाल अब आने लगे हैं। हाल ही में एक इवेंट में वे कैंसर उपचार के दौरान पहली बार बिना विग पहने नजर आईं। हिना खान ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने फोटोग्राफर्स को पोज दिए। फिर पूछा, 'कैसी लग रही हूं मैं? अभी मेरे इतने-इतने ही बाल आए हैं'। इस पर पैपराजी ने एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया और कहा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं आप, नेचुरल ब्यूटी'। हिना खान का यह वीडियो वीरेंद्र चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। यूजर्स और फैंस भी हिना खान के लुक की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनकी हिम्मत को सलाम कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बहुत हिम्मत वाली हो, तभी तो आपको शेर खान कहते हैं हम'।*





# अर्थ ऑवर डे-2025: एक घंटे अंधेरे में रहकर शहर के घरों व संस्थानों ने बचाई सैकड़ों यूनिट बिजली

**22 मार्च को रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच शहर में लोगों ने बंद रखी बिजली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार का दिन पूरी धरती के लिए खास रहा है। 22 मार्च को अर्थ ऑवर-डे मनाया गया। इस बार की थीम द पावर ऑफ नेचर रखी गई। इसी के तहत शनिवार को शहर में एक घंटे के लिए कई संस्थान और घरों में बिजली का उपयोग नहीं किया। एक अनुमान के अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक घंटे के दौरान बिजली बंद रहने से सैकड़ों यूनिट बिजली की बचत हुई है।

वहीं, ब्ल्यूडब्ल्यू एफ-इंडिया के भोपाल कार्यालय ने साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के साथ अर्थ ऑवर 2025 मनाया। वॉलिंटियर्स सहित स्थानीय युवा संगठनों सहित 110 से अधिक प्रतिभागियों ने आयोजित इस साइक्लोथॉन में भाग लिया। इसे संगीता सक्सेना, राज्य निदेशक डब्ल्यू डब्ल्यू एफ- इंडिया, भोपाल और एलएनसीटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेज, भोपाल के डॉ. अमितबोध उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**क्या होता है इस दिन?**

*अर्थ पावर डे का खास दिन होता है इसमें 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ ऑवर 2025 मनाया जाता है। इस खास दिन को सफल बनाने के लिए दुनियाभर के लोग, संस्थान और बड़े-बड़े स्मारक एक घंटे के लिए गैर-आवश्यक लाइटें और बिजली से चलने वाले उपकरण बंद कर देते हैं। यह पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में जागरुकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।*

---

**विक्रमोत्सव के तहत 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली में होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

# सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को कराना है अवगत

**राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह को मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा की विरासत से विकास के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव के तहत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो आमजन को पता होना चाहिए।

आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

**खास बातें**

- विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है सम्राट विक्रमादित्य को
- शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास होगा



**न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम के लिए आदरणीय नाम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को सिंहासन बत्तीसी कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया। साथ ही जनता के लिए जवाबदेह नवरत्नों का मंत्रिमंडल गठित कर ऐसी व्यवस्था की जिसमें राजा नहीं बल्कि नौ मंत्रियों की ओ रसे लिए गए निर्णयों का शासन से क्रियान्वयन किया जाता था। सुशासन के लिए वर्तमान में क्रियान्वित मापदंड सम्राट विक्रमादित्य के काल की याद दिलाते हैं।

**शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यवसाय किया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति के लिए आशियाने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने भी शहरी हो या गरीब सभी के लिए पक्के मकान की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उनकी ओर से बिना ब्याज के धन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा, न्यायप्रियता प्रत्येक क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सम्राट विक्रमादित्य का काल और आज के इस काल में अनेकों समानताएं हैं।

**सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित आयोजन होंगे**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र पर केंद्रित आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में होंगे। राज्य के बाहर भी सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाटिका के माध्यम से उनके जन-हितैषी कार्यों की जानकारी जन-जन को देने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष हैदराबाद में इसी प्रकार का आयोजन किया गया था, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।*

**परंपरा का प्रकटीकरण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण का एक माध्यम है। सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व और शासन पद्धति, विभिन्न पक्ष हैं। उनके शासन काल में प्रत्येक मंत्री अलग विषयों के विशेषज्ञ थे जो देश के अलग-अगल क्षेत्रों से आकर सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था से जुड़कर, व्यवस्था को सुशासन में बदलने का कार्य कर रहे थे। माना जाता है कि तीन भाईयों की जोड़ी विश्व में प्रसिद्ध है, इनमें प्रथमतः भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की तथा तीसरी जोड़ी सम्राट विक्रमादित्य और भृतहरि की है। यह तीसरी जोड़ी मप्र से है। यह सौभाग्य का विषय है कि सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी उज्जैन रही।

---

# प्रकृति संसाधन नहीं, बल्कि विरासत है जिसे संरक्षित करना आवश्यकः सयानी

**सीयू पंजाब में 'प्रकृति आस्था, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन**

**बठिंडा।** पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू पंजाब) में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'प्रकृति आस्था, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार संबंधी चुनौतियां' का समापन 21 मार्च 2025 को हुआ। इस संगोष्ठी का आयोजन डॉ. आंबेडकर पीठ (मानवाधिकार एवं पर्यावरणीय मूल्य) द्वारा कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी के संरक्षण में किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों ने वैश्विक पर्यावरणीय और मानवाधिकार संबंधी मुद्दों पर अपने विचार रखे।शुक्रवार को आयोजित समापन सत्र में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की माननीय सदस्य विजया भारती सयानी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं, जबकि हरिभूमि के समाचार संपादक शंभू भद्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समापन सत्र की शुरुआत में डॉ. अंबेडकर पीठ के अध्यक्ष प्रो. कन्हैया त्रिपाठी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा पीढ़ी में प्रकृति आस्था की भावना विकसित करना आवश्यक है तथा पर्यावरणीय मूल्यों, उनके प्रभावों और मानव अस्तित्व की स्थिरता को लेकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विजया भारती सयानी ने कहा कि मनुष्य एवं प्रकृति के बीच गहरा मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक संबंध है, लेकिन औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की अंधाधुंध दौड़ ने वैश्विक तापमान वृद्धि और पर्यावरणीय क्षरण को बढ़ावा दिया है। उन्होंने सतत विकास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण एवं मानवाधिकारों की रक्षा ₹विकसित भारत @2047₹ के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक और समुदाय-आधारित प्रयासों की मांग करता है। प्रकृति को संसाधन की तरह दोहन करने के बजाय विरासत के रूप में संरक्षित करना आवश्यक है।वहीं, विशेष अतिथि शंभू भद्र ने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने हरित प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया है, जिससे सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात पर जोर




दिया कि मनुष्य को केवल मानव बनने से आगे बढ़कर दयालु बनने की आवश्यकता है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और एक नए विकास मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया, जो पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देगा।इस संगोष्ठी का उद्घाटन मेग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ. राजेंद्र सिंह, यूएनडीपी के डॉ. इयाद अबूमोगली, दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, जर्मनी के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. उलरिच बर्क सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की संबोधन के साथ हुआ। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईटी मंडी, लखनऊ विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय सहित देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से शोधार्थी, शिक्षाविद, नीति-निर्माता, एवं विधि विशेषज्ञों ने भाग लिया। आठ तकनीकी सत्रों में 150 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें जलवायु न्याय, सतत विकास, नीति सुधार, कानूनी ढांचे, आदिवासी अधिकार, एवं जलवायु परिवर्तन जनित विस्थापन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस संगोष्ठी नेपर्यावरण कानूनों में सुधार, मानवाधिकार नीतियों के पुनर्निर्धारण और सतत विकास आधारित समाधानों के लिए नीति-निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।समापन सत्र का संचालन स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रोफेसर दीपक चौहान ने किया। डॉ. अश्विनी कुमार ने डॉ. आंबेडकर पीठ कार्यक्रम की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रो. बावा सिंह, डॉ. दीपक पांडेय, डॉ. अशोक पाठक, डॉ. बृजेन्द्र कुमार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, साथ ही डॉ. आंबेडकर चिर के शोधार्थी, विश्वविद्यालय के शोधार्थी सहित वरिष्ठ शोधार्थी नरेश प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

---

**युवाओं के लिए फिल्म को बताया प्रेरणादायी, छग में टैक्स फ्री है फिल्म**

# सीएम और डिप्टी सीएम ने देखी 'छावा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में फिल्म 'छावा' के टैक्स फ्री होने का एलान फरवरी में कर दिया था। अब हाल ही में सीएम फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ फिल्म देखी। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'आज नवा रायपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रमी पुत्र संभाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित फिल्म 'छावा' देखी। संभाजी महाराज ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया'।




**14 फरवरी को हुई थी रिलीज**

फिल्म 'छावा' 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। एक महीने से अधिक वक्त होने के बावजूद यह सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें विक्की कौशल के अलावा रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म के कारोबार की बात करें तो कल शनिवार को 37वें दिन फिल्म ने 3.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म का टोटल नेट कारोबार 578.65 करोड़ रुपये हो गया है।

**संभाजी महाराज का प्रेरक इतिहास**

*मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, 'इस फिल्म ने संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान को अत्यंत प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया है, जो हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। संभाजी महाराज का यह प्रेरक इतिहास अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार ने फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री किया है'। सीएम के साथ इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा और सम्पत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।*

---

**26 और 27 को होंगी विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां, जानी-मानी हस्तियां रहेंगी मौजूद**

# ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जोरशोर से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जारी है। यह महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ व समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समेत सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी।

इस लिहाज से महोत्सव स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे।



**कहा जाता है छत्तीसगढ़ का खजुराहो**

*मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण 'छत्तीसगढ़ का खजुराहो' कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियों की जा रही है।*

---

**बीजापुर के रक्षित केन्द्र में मुलाकात कर सफल ऑपरेशन की सराहना की**

# सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों का डिप्टी सीएम ने बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बीजापुर में गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से बीजापुर जिले के रक्षित केंद्र में मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की भुजाओं की ताकत के बदौलत आज मैं सड़क मार्ग से बीजापुर आया हूं। इसके पूर्व कोई भी गृहमंत्री सड़क मार्ग से बीजापुर नहीं आये। गौरतलब है कि 20 मार्च को हुए इस मुठभेड़ में 14 महिला माओवादी सहित कुल 26 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद। शिनाख्त



माओवादियों में डिवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम और पीएलजीए सदस्य शामिल थे। इस मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लॉचंर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ, दवाईया, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ। बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी सीएएफ और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये ' जिसमें जिला- बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है।

**सीएम साय की तरफ से शुभकामना संदेश सुनाया**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है। भीषण मुठभेड़ में हमारे एक जांबाज जवान शहीद हुए उसको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। बस्तर शांति का टापू रहा है, परन्तु कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यह की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे। यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ऑपरेशन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के सकारात्मक परिणाम मिले है।

**आपके अदभुत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी**

---

# राइस मिल में भीषण आग चार फायरब्रिगेड पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र चिखली स्थित नारायण राइस मिल में रविवार की सुबह आग लग गई। आग की सूचना राइस मिल के मालिक ने पुलिस और जिला अग्निशमन की दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।

जिला अग्निशमन अधिकारी कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम को रवाना किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जिला दमकल विभाग के चार दमकल गाड़ियों को भेजकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग लगाने का कारण अज्ञात बताया जा रहा हैं। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है आग से धान और बारदाने जलकर खाक हो गए।

## चिंतन

# न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखना जरूरी

भारतीय न्यायपालिका की साख एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। देश के आवाम को अपनी मुद्रा और न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास के एक हिस्से में आगलगी घटना के दौरान कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट (रुपये) मिलने से यह भरोसा टूटता नजर आ रहा है। हाल में दुष्कर्म से संबंधित जजों की टिप्पणियां भी जनमानस के विपरीत आई हैं। कथित नकदी मिलने के आरोप से फिलहाल जस्टिस वर्मा के यश को चोट पहुंची है। जज के आवास परिसर से नकदी का मामला बेहद गंभीर है, अधजले नोटों के वीडियो व तस्वीर सामने आए हैं, इसलिए इसकी ईमानदारी से जांच होनी चाहिए व सच सामने आना चाहिए। जस्टिस यशवंत वर्मा ने नकदी उनकी होने के आरोपों से इनकार किया है। घटना 14 मार्च होली की रात 11.35 बजे की है, जब जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के एक हिस्से में आग लग गई, जिसे बुझाने दिल्ली अग्निशमन विभाग के दमकलकर्मी पहुंचे। उस दौरान दमकल कर्मियों को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट मिले। यूं तो अग्निशमन विभाग की ओर से जारी बयान में नकदी का जिक्र नहीं है, पर वीडियो में अधजले नोट दिखे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीके उपाध्याय को प्रारंभिक पूछताछ करने को कहा था। चीफ़ जस्टिस उपाध्याय ने इस मामले की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है, जिसमें उन्होंने मामले की गहरी जांच की जरूरत की वकालत की है। चीफ जस्टिस ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है, जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है। आरोप के कटघरे में खड़े जस्टिस यशवंत वर्मा ने भी अपनी सफाई दी है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि स्टोर रूम में उन्होंने या उनके परिवार वालों ने कभी कैश नहीं रखा, उनके ख़िलाफ़ साज़िश रची जा रही है, जिसे शीर्ष कोर्ट ने सार्वजनिक किया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं। इनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की है। साथ ही, दिल्ली पुलिस से जस्टिस वर्मा के पिछले 6 महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे हैं और जस्टिस यशवंत वर्मा को अपने फ़ोन से कोई भी डेटा हटाने से मना किया है। कमिटी में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की चीफ़ जस्टिस जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। वर्ष 1999 में सुप्रीम कोर्ट में 'इन-हाउस' कमिटी की प्रक्रिया का गठन किया गया था। उसमें कहा गया था कि 3 जजों की कमिटी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज के ख़िलाफ़ शिकायत की जांच करेगी। देश की नजरें इस कमिटी पर होंगी। न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखने व जस्टिस वर्मा के भविष्य के लिए कमिटी की जांच व उसकी रिपोर्ट अहम है। सुप्रीम कोर्ट के कई चीफ जस्टिस अतीत में सार्वजनिक रूप से देश में इंसाफ की लचर स्थिति पर चिंता प्रकट कर चुके हैं। आमजन के लिए इंसाफ आज भी एक सपना ही है। चूंकि जजों को उनके न्यायिक कार्यों के लिए इम्युनिटी मिलती है, इसलिए आज राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।



दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर

# 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती

वर्ष-2030 तक भारत को संपूर्ण रूप से टीबी की बीमारी से मुक्ति का प्रण लिया गया है। उस निर्धारित अवधि में अभी 6 वर्ष शेष हैं। अभियान फिलहाल जिस अंदाज से जारी है, उससे प्रतीत होता है कि लक्ष्य आसानी से पूरा नहीं होगा। तत्कालीन हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मावडिया ने पिछले साल 2024 को आज ही के दिन अभियान से जुड़े चिकित्सकों को एक टारगेट सौंपा था जिसकी समीक्षा उन्हें 2025 को विश्व टीबी दिवस पर करनी थी। फिलहाल उनकी जगह चिकित्सकों से वह रिपोर्ट मौजूदा हेल्थ मिनिस्टर जेपी नड्डा लेंगे। भारत में 'राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण' कार्यक्रम की शुरुआत साल 1962 में हुई थी, लेकिन कोशिशें कछुए की चाल जैसी आगे बढ़ीं। इसी कारण 1985 के बाद भारत में तपेदिक जैसी बीमारियों की बाढ़ आई। मुकम्मल तौर पर बीमारी पर नियंत्रण पाना सन 2001 से आरंभ हुआ था, जो 2010 तक कुछ सफलता मिली। वैश्विक जागरूकता के लिए ही टीबी दिवस सालाना 24 मार्च को मनाया जाता है। इस रोग को चिन्हित सबसे पहले वैश्विक स्तर पर सन 1882 में किया गया। चिकित्सकों की रिसर्च ने टीबी के जीवाणु उसी दरम्यान खोजे थे। हालांकि, तब ये रोग आज की तरह जानलेवा नहीं आंका गया था। धीरे-धीरे टीबी की बीमारी ने चिकित्सकों की रिपोर्ट को भी पीछे छोड़ा और अचानक से घातक हुई। सन 1980 और 2000 का दौर टीबी बीमारी के नाम था। तब भारत में 26 लाख और पूरे विश्व में 1 करोड़ 80 लाख के आसपास लोगों की मौते हुईं थीं। इस आंकड़े ने संसार में कोहराम मचाया था। एक समय ऐसा था जब भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले टीबी सर्वाधिक थी। लेकिन प्रशंसा करनी होगी पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय हुकूमतों की जिन्होंने समय रहते इस टीबी पर पार पाया। सालाना केंद्रीय बजट में 'टीबी मुक्त अभियान' के लिए मोटा बजट आवंटन किया जाता है। क्योंकि भारत में पोलियो के बाद दूसरी बड़ी बीमारी टीबी ही रही। डब्ल्यूएचओं के मुताबिक टीबी की चपेट में सालाना पांच लाख अकाल मौतें होती हैं। सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीमारी से लड़ने के लिए सरकारी कोशिशों के अलावा जन सहयोग की अति आवश्यकता है। हमारे यहां टीबी के संबंध में वही पुरानी उक्ति 'परहेज इलाज से बेहतर है' चरितार्थ होती है क्योंकि टीबी के संक्रमण का प्रभाव हर आदमी पर नहीं पड़ता, यानी जिनकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर है, वही टीबी की चपेट में आता है। शायद यही वजह है कि कुपोषण तथा पोषण तत्वों की कमी की वजह से गरीब और ग्रामीण आबादी टीबी से अधिक प्रभावित होती है। टीबी को लेकर सतर्कता इसलिए जरूरी है क्योंकि ये एक संक्रामक रोग है, जो बीमारी घेरने से पहले आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी दूषित खानपान, प्रदूषण और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर फैलती है। यह न केवल फेफड़ों, बल्कि शरीर के दूसरे हिस्से जैसे किडनी व दिमाग पर भी हमला करती है। इस पर काबू पाने के लिए पोलियो जैसी लड़ाई लड़नी ही होगी, वरना ये बीमारी यूं ही मुंह खोले खड़ी रहेगी। सामाजिक स्तर पर जनमानस को भी चेतना होगा। टीबी होने पर वैध-हकीमों के पास जाने के बजाय अस्पतालों में उपयुक्त इलाज कराएं। मौजूदा वक्त में प्रत्येक अस्पतालों में टीबी के लिए डॉट्स की व्यवस्था सुगम है। टीबी किसी को भी, किसी उम्र में हो सकती है। लेकिन समय पर ईलाज अगर हो, तो ये बीमारी शरीर का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। टीबी से बचा कैसे जाए और इसका संक्रामक कितना घातक है, उसे बताने और समझाने के लिए ही 'विश्व टीबी दिवस' को आयोजित किया जाता है, ताकि इससे लोग विनाशकारी स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभाव के संबंध में जागरूक हो सकें। टीबी का मुख्य कारण तपेदिक माइकोबैक्टीरियम है जो कि एक छोटा, एरोबिक, चलने में अक्षम दण्डाणु है। वैसे, इस रोगजनक की उच्च लिपिड सामग्री उसकी अपनी अनूठी नैदानिक विशेषताओं के लिए ही जिम्मेदार है। भारत में राष्ट्रीय क्षय रोग संस्थान बेंगलुरु में है और 'राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान' चेन्नई में है जहां रोजाना टीबी पर नई-नई रिसर्च होती हैं। इस बीमारी के आंकड़े निश्चित रूप से अभी भी डरावने हैं। भारत 2023 और 2024 के बीच 25.5 लाख टीबी रोगियों और 26.07 लाख मामलों को अधिसूचित करने में सक्षम रहा, जो अब तक का सर्वाधिक है। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट-2024 में भारत में टीबी की घटना दर 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से 2023 में प्रति लाख जनसंख्या पर 195 तक 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। केंद्र सरकार 2030 तक भारत को टीबी से मुक्त करे, जिसकी उम्मीद सभी लगाए बैठे हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

# ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब़ भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है?

औरंगजेब़ यानी अबुल मुजफ्फर मुहिउद्दीन मोहम्मद मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में उसकी कब्र को उखाड़ फेंकने और उसकी पचास साल की हुकूमत को बेहतरीन बताने वालों के बीच चर्चा जोरों पर है। इतिहास के मुताबिक औरंगजे़ब ने 17वीं सदी में करीब पचास सालों तक भारत में शासन किया। उसके शासन में भारतीय समाज का वह वर्ग खुश था जो उनके शरिया वाली नीतियों को मानने वाले थे। लेकिन दूसरा वर्ग जो हिन्दुओं का था, वह उसकी भेदभाव, जुल्म, अन्याय और शोषण का पचास सालों तक शिकार रहा। इतिहाकारों के मुताबिक वह दोहरी नीति पर इसलिए चल रहा था कि जिससे उसका वह मकसद पूरा हो जाए कि ज्यादातर हिन्दू उसकी क्रूर नीतियों, बर्बताओं और पाशविक बर्बताओं से तंगकर या डर कर उसके मजहब के हिस्सा बन जाएं। अपने साम्राज्य को बढ़ाने के लिए उसने वे नीतियां अपनाईं जो गैरइंसानी थी।

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब़ भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है? इतिहास में दर्ज़ उसके कार्यों, हिन्दुओं से बर्बर बर्ताव, उसकी नृशंस हिन्दू विरोधी नीतियों, मंदिरों को तोड़कर उनके ऊपर मस्जिद बनवाने और हिन्दुओं पर ही आपत्तिकारी टैक्स जबरन लगाने जैसे तमाम राजकीय फरमानों और उसकी गैर इंसानी कवायदें क्या यह नहीं बताती कि वह किसी भी कौम के लिए आदर या सम्मान का पात्र नहीं हो सकता है? जो लोग उसे अपना आदर्श या आइकॉन इसलिए बता रहे हैं कि उसने एक सच्चे मजहबी मुस्लिम की तरह शासन किया, सरिया कूनन बेधड़क लागू कर गैर हिन्दुओं के लिए तरह-तरह की समस्याएं पैदा की, उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। चर्चा यहीं नहीं रुकती है बल्कि ऐसे तमाम विवादित मुद्दों व औरंगजेब की प्रासंगिकता को लेकर कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया। हिन्दुओं के पर्व-त्योहारों पर सख्ती के साथ रोक लगा दी। उसने युद्धबंदियों, राजनीतिक कैदियों और किसी भी ऐसे व्यक्ति को यातना देने और मारने में संकोच नहीं किया जिसे गैर-इस्लामी मानता था। अपनी बेटी जेबुन्निसा को 20 साल तक कैद में रखा। गुरु तेग बहादुर का बर्बरता से सिर कलम करवा दिया और अपने अब्बाजान को कैद में रख अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। ये उसकी जिंदगी के कुछ सच हैं जो हम इतिहास में पढ़ते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह तो चार सदी पहले मरा था, अब उसके बारे में विवाद या उसके हर कवायद का विरोध या खैरमकदम करने का औचित्य क्या है? इसके लिए हमें इतिहास खगालने की जरूरत है। इतिहासकारों के मुताबिक वह नेकदिल इंसान कतई



नहीं था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार मानते हैं कि वह एक बेहद कट्टरवादी मुस्लिम बादशाह था जो अपनी भेदभावपूर्ण नीतियों की वजह से प्रजा को कभी खुश नहीं कर पाया। जबकि इतिहासकार शिब्ली नोमानी का मानना है कि उसके फैसले राजनीतिक हुआ करते थे।


औरंगजेब़ के नाम पर देशभर में सड़कें, मकबरे और इमारतें हैं। आजादी के बाद विदेशी शासकों के शासन और उनके कार्यों का बखान मीडिया के जरिए ही नहीं बल्कि किताबें लिखकर भी किया गया। लेकिन भारतीय हिन्दू राजाओं के प्रजा के हित और किए गए ऐतिहासिक कार्यों को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। केंद्र की नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद इतिहास की इस भेदभावपूर्ण नीति की जगह निष्पक्ष मूल्यांकन के जरिए कई ऐसे विवादित विषयों, मुद्दों और कार्यों को गम्भीरता से समझा ही नहीं गया बल्कि उस सच को भी आगे किया गया जो जानबूझ कर दबाए गये थे।

दरअसल, औरंगजेब पर विवाद इसलिए गहराया कि जो पक्ष इसकी हुकूमत को गैरइंसानी मान रहा है जिसमें इतिहास की सच्चाइयां भी शामिल हैं, उसे किसी भी जगह भारत में तवज्जो देने के खिलाफ है? हमें क्या यह गौर नहीं करना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां क्रूर हुकूमतदारों की हुकूमतों को क्यों पढ़े? उससे उन्हें क्या हासिल होगा? मुगलिया सल्तनत ने भारत पर छह सदी तक हुकूमत की। इनमें कई ऐसे बादशाह हुए जिसे इतिहास के पन्नों में बर्बर शासक का काल, तो कुछ को नेकदिल इंसान लिखा गया है। इन्हीं बर्बर बादशाहों में औरंगजेब़ भी एक था। सोशल मीडिया में सवाल यह उठाया जा रहा है कि औरंगजेब किसी कौम के लिए आदर और सम्मान का पात्र क्यों माना जाना चाहिए? यदि संभाजी नगर में बनी उसकी मज़ार को हटाने की मांग हिन्दू संगठन कर रहे हैं तो उसमें गलत क्या है? यदि भाजपा भारत को एक आदर्श देश के रूप में निर्मित करना चाहती है तो ऐसे मुद्दों को सलीके से हल करने की जरूरत है या आंदोलन के जरिए?

भाजपा का मानना रहा है कि वह भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की पार्टी है। पिछले दस सालों में उसकी नीतियां इस बात की गवाह भी हैं कि उसने जो नीतियां जनता के हित में लागू कीं वे सभी बगैर किसी भेदभाव के लागू कीं। इसलिए यदि औरंगजेब़ के बचाव के नाम पर औरंगजेब़ को एक नेकदिल इंसान साबित करने और उसके पक्ष में नारे लगाने जैसी कवायदें की जाती हैं तो इसे क्या इंसानियत को तार-तार करने वाले बादशाह को क्लिनचिट देने जैसा नहीं है? दरअसल, औरंगजे़ब के बहाने इतिहास की पड़ताल पहली बार की जा रही है। इसमें किसी को साम्प्रायिकता ढूंढने की जरूरत क्यों पड़ रही है? फिर यह सवाल आज भी मौजूं है कि यदि अकबर महान है तो महाराणा प्रताप महान क्यों नहीं? जो इसी भारत की माटी के लाल और स्वाभिमानी राजा थे। बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह से एक-एक कर बर्बर हुकूमतदारों के हुकूमतों की पड़ताल नये सिरे से की रही है, क्या उसे किसी खास कौम के हुकूमतदार होने की वजह से उनके पक्ष में बचाव के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देना चाहिए? या खिलाफत इस कदर होनी चाहिए जिससे यह विश्व मीडिया में सबसे विवाद या फसाद का मुद्दा बन जाए जो देश की अस्मिता या केंद्र की शासन व्यवस्था की सर्वहितकारी नीतियों पर ही सवाल उठने लगे? मेरा मानना है कि मज़ार, कब्र, मकबरे या इस तरह की जितनी भी जगहें हैं और जो किसी खास व्यक्ति से जुड़ी हैं तो उस पर राजनीति न होकर या चर्चा का विषय न बनाकर उसे कानून के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। यदि अयोध्या, 370 जैसे मामले कानून के जरिए हल किये जा सकते हैं तो औरंगजेब़ या दूसरे इतिहास के बदनाम शख्सियतों पर उठने वाले सवाल भी हल किये जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक और संस्कृतिकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### भूजल का अंधाधुंध दोहन प्यासे भविष्य का संकेत

22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन स्वच्छ, पीने के पानी के संरक्षण, उसके महत्व और उसके न्यायोचित उपयोग के प्रति जन जागरूकता का संदेश देता है। स्वच्छ जल आपूर्ति किसी भी देश की स्वस्थ अर्थव्यवस्था का आधार होती है। एक अनुमान के अनुसार सूखे और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के उपचार और प्रबंधन पर हमारे देश को प्रतिवर्ष 42 अरब रुपए खर्च करने पड़ते हैं। भारत की कुल जनसंख्या की आधे से भी कम आबादी को ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। भारत के लगभग 718 जिलों के अधिकांश भाग पानी की कमी की त्रासदी झेल रहे हैं। भूजल पीने का पानी उपलब्ध करवाने वाला एक मुख्य स्त्रोत है। भारत को भूजल का दुनिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता माना जाता है। *– प्रदीप जोशी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# तालिबान के तीन नेताओं पर घोषित इनाम वापस

अमेरिका ने तीन प्रमुख तालिबान नेताओं के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिये हैं। इनमें अफगानिस्तान के गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी भी शामिल हैं, जो एक शक्तिशाली नेटवर्क (हक्कानी नेटवर्क) के प्रमुख हैं, जिसपर पश्चिम समर्थित पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ हमले का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिराजुद्दीन हक्कानी का नाम अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' पर नहीं दिख रहा है। हक्कानी ने जनवरी 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने की बात स्वीकार की थी। इस हमले में अमेरिकी नागरिक थॉर डेविड हेलेसा समेत छह लोग मारे गए थे।



हालांकि, एफबीआई की वेबसाइट पर वांछित के तौर पर हक्कानी का पोस्टर अब भी मौजूद है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी और याह्या हक्कानी के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिया है। कानी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, ये तीन व्यक्ति (हक्कानी बंधु) दो भाई और एक चचेरे भाई हैं।

## ऑफ बीट

# अनिद्रा से हो सकती हैं हृदय संबंधी समस्याएं

रात में लगभग सात से आठ घंटे की नींद लेने वाले व्यस्कों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य आमतौर पर सबसे अच्छा होता है



और ज्यादा समय तक जीते हैं। लेकिन उम्र के साथ ये सुझाव थोड़े बदल जाते हैं। जिन व्यस्कों की उम्र 65 वर्ष से अधिक उनके लिए रात में केवल छह से सात घंटे की नींद भी काफी हो सकती है। इसलिए, अगर कोई बुजुर्ग स्वस्थ हैं तो उन्हें इस बात पर चिंतित नहीं होना चाहिए कि वे केवल छह घंटे की नींद ले पा रहे हैं। युवाओं को सबसे अधिक कम से कम नौ घंटे की नींद की आवश्यकता होती है और कुछ छोटे बच्चों को इससे भी अधिक की जरूरत हो सकती है। किशोरों और वयस्कों दोनों में, हमने पाया कि अनिद्रा और कम नींद के कारण तनाव, हार्मोन का स्तर और सूजन जैसी समस्याएं हो सकते हैं। आमतौर पर इस तरह के लक्षण हृदय रोग से पहले दिखाई देते हैं। कैफीन और शराब का कम सेवन, धूम्रपान न करना, नियमित रूप से व्यायाम, ये ऐसी आदतें हैं जो अच्छी नींद में मदद करते हैं।

## ट्रेंड

### बिठूर महोत्सव

प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक, वीर शिरोमणि नानाजी राव पेशवा को समर्पित 'बिठूर महोत्सव 2025' के प्रतिभागी कलाकारों को कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। नानाजी राव पेशवा की पावन स्मृतियों को नमन।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### खीर सेरेमनी

27 साल बाद दिल्ली में बनी भाजपा सरकार का पहला बजट आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में रहेगा। यह बजट दिल्ली के विकास और खीर की मिठास जैसा होगा। हम इसे खास 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू करेंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### जयंती पर नमन

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने गोवावासियों को पुर्तगाली उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गोवा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनका स्मरण करते हैं।

-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा



### हर भारतीय को प्रेरणा

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर उनको शत-शत नमन। देश की आज़ादी के लिए इन महान देशभक्तों का जज्बा और अमर शहादत हर भारतीय को प्रेरणा देती रहेगी।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## डीएमके सरकार के आरोपों के बीच बोलीं सीतारमण

# पीएलआई से तमिलनाडु को मिले कई लाभ और बड़े प्रोजेक्ट

### सीएम स्टालिन के अनदेखी वाले बयान पर कहा- 60 प्रतिशत फंड केंद्र देगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तमिलनाडु की डीएमके सरकार तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमलावर है। डीएमके सरकार का कहना है कि केंद्र द्वारा राज्य की अनदेखी की जा रही है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान सामने आया है। सीतारमण ने बताया है कि केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के तहत तमिलनाडु को बड़ा फायदा मिला है और इलेक्ट्रोनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के बड़े प्रोजेक्ट राज्य को मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि 'चेन्नई मेट्रो के विस्तार के लिए 63 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, इनमें से 60 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार देगी। सीतारमण ने तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाया कि तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दों को उठाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है।

**27 में से 7 कंपनियां तमिलनाडु की शामिल**

#### लाभार्थी राज्यों में तमिलनाडु भी शामिल

चेन्नई में शनिवार की शाम को चेन्नई सिटिजन फोरम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्दपर फंडिंग के मामले में राज्य की अनदेखी करने के आरोपों पर कहा कि तमिलनाडु, पीएलआई योजना के सबसे बड़े लाभार्थी राज्यों में से एक है। केंद्र सरकार ने पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रोनिक्स पार्ट्स बनाने वाली और ऑटोमोबाइल सेक्टर की 27 कंपनियों को मंजूरी दी थी, इनमें से 7 कंपनियां तमिलनाडु की हैं।



#### विभिन्न योजनाओं को बताया, बजट भी रखा सामने

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'देश के दो बड़े इलेक्ट्रोनिक पार्ट्स बनाने वाले क्लस्टर में से एक तमिलनाडु में और एक गुजरात में बनाया जा रहा है। इसके लिए 1100 करोड़ रुपएखर्च किए जाएंगे। साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में केंद्र की पीएलआई योजना के तहत मंजूर 82 आवेदनों में से 46 तमिलनाडु के मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पवन ऊर्जा संबंधी प्रोजेक्ट के विकास के लिए भी 7,453 करोड़ रुपए दिए गए हैं। राज्य में दो हजार किलोमीटर से ज्यादा रेल लाइनों को विद्युतीकरण का काम हो चुका है।

**10 वर्षों की योजनाओं को भी गिनाया :** वित्त मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए राज्य सरकार के उन दावों को खारिज कर दिया कि उन्हें केंद्र से केंद्रीय कर में बेहद कम हिस्सा मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि राज्य सरकार ने किस गणना के आधार पर यह बात कही है, लेकिन मैं इतना कह सकती हूं कि बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से राज्य को काफी फायदा हुआ है।

#### परिसीमन पर दो टूक

### जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग बनेगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित परिसीमन आयोग इस पूरी कवायद का आधार तय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा। उन्होंने विपक्ष के उन दावों का खंडन किया कि निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्गठन केवल जनसंख्या के आधार पर होगा। निर्मला ने चेन्नई में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि दक्षिणी राज्य प्रभावित नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने साफ किया कि कांग्रेस सदस्य और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, उसके विपरीत, भाजपा ने कभी नहीं कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाएगा। निर्मला ने जोर देकर कहा कि जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के सदस्य 'देश भर में घूमकर सभी राज्यों की राय लेंगे'।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने सिंगर का माइक छीना,गाना रोका

**गुरुग्राम।** बदमाशी गानों को लेकर चर्चा में आ रहे हरियाणवी गायक मासूम शर्मा का लाइव प्रोग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित जिमखाना क्लब में बीते शनिवार की रात चल रहा था। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा ने जैसे ही बैन किया गए गाने 'खटोला-2' गाना शुरू किया तो पुलिस अधिकारी ने जबरन माइक ले लिया। शो बंद करा दिया गया।

### ब्लास्ट, फिर बरसाई गोलियां, 3 जवान घायल



**जगदलपुर ।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम मार्ग मद्देड़ के करीब गोरला नाला के पास जवानों के पिकअप वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। फायरिंग में कुछ जवान घायल हो गए, जिन्हें भर्ती कराया गया है। पिकअप वाहन को निशाना बनाने ब्लास्ट किया, लेकिन तब तक पिकअप वाहन आगे बढ़ चुकी थी।

### करनाल में 3 दिन का मेगा सब्जी एक्सपो

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि



करनाल में 3 दिवसीय मेगा सब्जी एक्सपो-2025 का आयोजन किया गया है। ऐसे मेलों से किसानों को नई तकनीक सीखने का मौका मिलता है। यहां 3 नए उत्कृष्टता केंद्र खोलने का भी फैसला किया है। हम प्रयास कर रहे हैं । किसान भी इसमें लगातार शामिल हो रहे हैं।

### धर्मांतरण मामले में पांच लोग गिरप्तार

**रायपुर ।** प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने को लेकर हर सप्ताह विशेषकर रविवार को विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। मुजगहन थाना क्षेत्र में एक मकान में प्रार्थना सभा को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने दो महिलाओं समेत 5लोगों को हिरासत में लिया है।

### नागपुर हिंसा के बाद पटरी पर लौटा जनजीवन, सभी जगह शांति

# 6 दिन बाद सभी इलाकों से हटाया गया कर्फ्यू पर संवेदनशील इलाकों में जारी रहेगी गश्त

#### रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर दी जानकारी

एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था।हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं। इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

#### स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा

एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस हिंसा में तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 112 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।



#### सीएम बोले- जब्त संपत्ति की नीलामी होगी

सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में हुई हिंसा के दौरान हुई तोड़फोड़ और संपत्ति के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि यदि हिंसा फैलाने वाले नुकसान की भरपाई नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति जब्त कर नीलाम की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### अधिकारियों ने धार्मिक कपड़े जलाने की घटना का किया खंडन

नागपुर में हुई हिंसा के संबंध में दावा किया जा रहा था कि हिंदू संगठनों के प्रदर्शनों के दौरान धार्मिक शब्दों वाला 'चादर' जलाया गया था। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने इसका खंडन किया और कहा कि प्रदर्शन में ऐसा कोई 'चादर' नहीं जलाया गया था। इसके साथ ही पुलिस ने कहा था कि इसको लेकर अफवाह फैलाई गई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस संबंध में दावा किया था कि उन्होंने वीडियोज देखे हैं, जिसमें ऐसा कुछ नहीं पाया।

#### हिंसा की इस तरह हुई शुरुआत

दरअसल, 17 मार्च को हिंदू संगठनों वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नागपुर के महल क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के दौरान, उन्होंने औरंगजेब का पुतला जलाया था और कब्र को हटाने की मांग के साथ नारेबाजी की थी। इसी विरोध प्रदर्शनों के दौरान, रिपोर्ट्स सामने आई कि धार्मिक भाषा लिखी हुई 'चादर' जलाई गई थी। हालांकि, बाद में स्थानीय पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया और बताया कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी।

#### हिंसा में शामिल लोगों की पहचान की जा रही,112 गिरफ्तार

नागपुर शहर में हुई हिंसा में शामिल लोगों की स्थानीय पुलिस पहचान कर रही है और उनके खिलाफ एक्शन भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दर्जनों आरोपियों की पहचान की गई है। नागपुर पुलिस ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में 105 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कुछ नाबालिग को भी पकड़ा गया है। स्थानीय पुलिस साइबर सेल और सोशल मीडिया की भी जांच कर रही है। मसलन, नागपुर में हुई हिंसा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था और इससे पहले हिंदू संगठनों द्वारा किए गए प्रदर्शनों के वीडियोज भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे। मसलन, पुलिस ने अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा एक सांप्रदायिक हिंसा में कथित भूमिका के लिए एक यूट्यूबर मोहम्मद शहजाद खान को भी हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस ने एमडीपी के नागपुर अध्यक्ष और हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया था।

#### ठाणे के एक धर्मार्थ ट्रस्ट में 'गोलमाल'

# ट्रस्टियों पर अनियमितता के आरोप, 11 ट्रस्टी नियुक्त

### मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही



एजेंसी ⏭ ठाणे

यहां के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के पुराने ट्रस्टियों पर ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितता करने और प्रशासनिक खामियां करने का आरोप लगा है। इसके बाद ठाणे की एक अदालत ने पिछले ट्रस्टियों को फिर से नियुक्त करने से इनकार कर दिया और 11 नए ट्रस्टियों को नियुक्त किया है। भिवंडी के जिला न्यायाधीश एनके करांडे ने कहा कि ट्रस्ट के प्रशासन और विकास के लिए भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था के नए ट्रस्टियों की नियुक्ति जरूरी है। अदालत ने फैसला दिया कि मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही है और उन्होंने प्रशासनिक खामियां की हैं। भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था गणेशपुरी बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के तहत एक पंजीकृत धर्मार्थ ट्रस्ट है। यहां ट्रस्टियों को पांच साल के लिए नियुक्त किया जाता है। जिला न्यायालय द्वारा नई नियुक्तियां की जाती हैं।

#### जांच के कारण नियुक्तियां हुईं

पिछले ट्रस्टियों को 2016 में पांच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 16 नवंबर 2021 को समाप्त हो गया। नियुक्ति प्रक्रिया में देरी और वित्तीय अनियमितताओं के कई आरोपों के कारण मुकदमेबाजी चलने से नए सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी। कई ट्रस्टियों के खिलाफ वित्तीय कुप्रबंधन समेत कई शिकायतें मिलीं। चैरिटी कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ट्रस्टियों के खिलाफ चल रही अनियमितता, अनादर, कदाचार की शिकायतों की जांच चल रही है। कई ट्रस्टी वर्ष 2019-2020 और 2020-21 के लिए ऑडिट रिपोर्ट और वित्तीय खाते जमा करने में भी विफल रहे। वहीं ग्रामीणों, ट्रस्ट कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी ट्रस्ट प्रशासन और आर्थिक लेन-देन पर चिंता जताई थी।

#### 75 आवेदक मानदंडों में खरा मिले

कोर्ट ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी करके ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन मांगे। कोर्ट को 152 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों के हलफनामों की जांच की गई। इसके बाद कोर्ट ने माना कि 75 आवेदक आवश्यक मानदंडों को पूरा करते थे।कठोर चयन प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने 11 नए ट्रस्टियों की नियुक्ति की। इसमें सुनील ज्ञानोबा पोटे, जगन्नाथ पोसो पाटिल, अनुजा अमोल सिंगलवार, नयन सिंह जतन सिंह ठाकोर, उदय ईश्वरलाल व्यास, रवींद्र चंदूलाल शुक्ला, विट्ठल मोहन राजपूत, ललिता नितान जोशी, अमित किसन राउत, आनंद प्रभाकर अन्वेकर और सुगंधा सचिन जाधव शामिल हैं।

#### हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ

# मणिपुर भी देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा, शांति प्रक्रिया कायम होगी

### कानून मंत्री मेघवाल ने कहा- शांति से होगा विकास

एजेंसी ⏭ इंफाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के बीच शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना की। वे मणिपुर हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं मणिपुर में जारी शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना करता हूं, ताकि विकसित भारत में अपना योगदान दे सके।

#### जस्टिस गवई बोले: हिंसा का दौर खत्म होगा



राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इसने राहत शिविरों का दौरा किया। विस्थापित लोगों से बातचीत की। न्यायमूर्ति गवई ने उम्मीद जताई यहां जातीय हिंसा का मौजूदा कठिन दौर कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के सहयोग से समाप्त होगा। हमें विश्वास है कि मणिपुर राज्य देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा।

**शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए मिलकर काम करें**

न्यायमूर्ति गवई ने लोगों से अपील की कि वे शांति और सद्भाव बहाल करने मिलकर काम करें। मणिपुर में मई 2023 से मैती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा का सिलसिला जारी है।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज छग आएंगी, विस में संबोधन

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में आयोजित हो रहा है। इसके लिए



तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति का रायपुर प्रवास दो घंटे का होगा। इसके बाद वे ओडिशा के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह करीब 10.30 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। वे सुबह 11 बजे यहां पहुंचेंगी।

### लखनऊ में मांडविया ने किया आयोजन



#### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से बताई फिटनेस

**लखनऊ।** रविवार को पूरे देश में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ, दिल्ली और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। लखनऊ में सामाजिक परिवर्तन स्थल पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

#### पीएम ने लोगों से इसे सुनने की अपील की

# मोदी का फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध

### लोग इस बातचीत को बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी का लोकप्रिय अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में



उपलब्ध है। पीएम मोदी ने रविवार को लोगों से इस पॉडकास्ट को सुनने की अपील की और कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बातचीत को पहुंचाना है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हाल ही में लेक्स फ्रिडमैन के साथ किया गया पॉडकास्ट अब कई भाषाओं में उपलब्ध है।

#### मतदान का भी किया जिक्र

यह पॉडकास्ट 16 मार्च को यूट्यूब पर अपलोड किया गया था, जिसमें पीएम मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता , क्रिकेट, फुटबॉल, चीन, अमेरिका, पाकिस्तान और अपने शुरुआती जीवन सहित कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। मोदी ने भारत में चुनावी प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया कि 2024 लोकसभा में 98 करोड़ लोगों ने मतदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। यह संख्या उत्तर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को यह सुनना चाहिए। 2024 के आम चुनाव में 98 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जिनके पास वैध आईडी और सभी आवश्यक जानकारी थी।

#### अभियान से सफलता: 143 गिरफ्तार एवं 82 मुठभेड़ में मारे गए

# 22 नक्सलियों का आत्मसमर्पण अब तक 107 ने छोड़ा नक्सलवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

आत्मसमर्पित माओवादी में आयतू पुनेम उर्फ गट्टा पिता सोमलू उम्र 26 वर्ष कोरसागुडा स्कूलपारा थाना बासागुड़ा इनाम 2 लाख, पांडू कुंजाम पिता मंगू कुंजाम कोण्डापल्ली कुम्हारपारा थाना तर्रेम पद प्लाटून नं. 9 का पार्टी सदस्य इनाम राशि 2 लाख, कोसी तामो पिता मंगलू कोंडापल्ली तामोपारा थाना तर्रेम पद प्लाटून नं. 10 का पार्टी सदस्य इनाम राशि 2 लाख, सोना कुंजाम पिता हुंगा कुंजाम कोंडापल्ली तामोपारा थाना तर्रेम पद तेलंगाना स्टेट कमेटी अन्तर्गत प्लाटून में पार्टी सदस्य इनाम राशि 2 लाख, लिंगेश पदम उर्फ मेसू पदम पिता स्व. चिन्ना पदम सावनार मुकापारा थाना गंगालूर पद गंगालूर एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/सप्लाई टीम सदस्य इनाम राशि 2 लाख रुपए शामिल हैं। इनके अलावा टिबरू राम



माड़वी उर्फ बड्डे पिता बुधराम चोखनपाल खालेपारा थाना गंगालूर पद कमकानार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष इनाम राशि 1 लाख , लखमा कड़ती पिता मंगू चोखनपाल खालेपारा थाना गंगालूर पद ग्राम कमकानार डीएकेएमएस अध्यक्ष, आयता पंडा पिता जिता पंडा जीड़पल्ली पटेलपारा थाना तर्रेम पद ग्राम जीडपल्ली डीएकेएमएस अध्यक्ष, मंगू हेमला पिता पांडू हिरमागुंडा पटेलपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'ए' सेक्शन कमांडर , भीमा पोटाम पिता आयतू हिरमागुण्डा गायतापारा थाना गंगालूर पद हिरमागुणंडा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'बी' सेक्शन कमांडर 2009 से सक्रिय था। राजू वेको पिता मासा वेको हिरमागुंडा गोदेपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुंडा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून 'सी' सेक्शन कमाण्डर वर्ष 2006 से सक्रिय, बुधरी मड़कम पिता जोगा हिरमागुंडा कोटेलपारा थाना गंगालूर पद हिरमागुंडा आरपीसी सीएनएम सदस्य वर्ष 2009 से सक्रिय, हिड़मा मंडावी पिता मडका हिरमागुंडा कोटेलपारा थाना गंगालूर पद ग्राम हिरमागुंडा भूमकाल मिलिशिया कमांडर वर्ष 2001 से सक्रिय, जोगा माड़वी पिता मड़का माड़वी हिरमागुण्डा थाना गंगालूर शामिल हैं।

#### इन अधिकारियों के समक्ष किया समर्पण

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु , उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर के मार्ग दर्शन व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजीए बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के प्रयास से यह सफलता मिली है। गंगालूर एरिया कमेटी एवं पामेड़ एरिया कमेटी के 22 माओवादियों ने आज पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट विरेन्द्र सिंह आदि।

## खबर संक्षेप

### सोयाबीन व पामोलीन तेल में गिरावट

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल के दाम अपने पूर्व सप्ताहांत के मुंकाबले गिरावट के साथ बंद हुए। मांग बढ़ने के बीच सोयाबीन तिलहन, आवक कम होने और मांग बढ़ने की वजह से पामोलीन से सस्ता होने के कारण बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह बड़ी तेल मिलें सरसों किसानों का मनोबल तोड़ने के लिए सरसों के दाम में घट-बढ़ कर रही थीं। इससे खासकर लघु एवं सीमांत किसानों में थोड़ी अफरा-तफरी का माहौल बना है और उनकी छिटपुट बिकवाली से फिलहाल दाम में गिरावट है।

### रसना को 2025-26 में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी रसना को वित्त वर्ष 2025-26 में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। रसना इंटरनेशनल के चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि कंपनी को निर्यात और नए उत्पादों के दम पर इस वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने भारत में 20,000 करोड़ रुपये के ''फ्रूट ड्रिंक'' बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अपना नया फ्रूट ड्रिंक पाउडर पेश किया है। इसके तहत लीची कंसन्ट्रेट (गाढ़ा पेय) के निर्माण के लिए पटना में 45-50 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। खंबाटा ने यहां एक बातचीत में कहा, ''निर्यात के साथ हम इस साल 30 प्रतिशत वृद्धि की बात कर रहे हैं।

# आखिर एक हुआ हल्दीराम परिवार, नागपुर व दिल्ली यूनिट साथ करेंगी काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी भुजिया और पारंपरिक स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम स्नैक्स फूड में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। हल्दीराम के नागपुर और दिल्ली यूनिट अब साथ मिलकर काम करेंगे।

■ नए आईपीओ लाने के लिए रास्ता साफ, कंपनी हिस्सेदारी बेचेगी

इसका मतलब है कि हल्दीराम का जो कारोबार नागपुर और दिल्ली में अलग-अलग चल रहा था, वो अब एक हो जाएगा। सिंगापुर की प्राइवेट इक्विटी फर्म टेमासेक अब हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने वाली है। लगभग दस वर्षों से कई बड़ी कंपनियां हल्दीराम में दिलचस्पी दिखा रही थीं। टेमासेक, हल्दीराम में 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। इससे हल्दीराम का वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंका गया है। हल्दीराम के मालिक, अग्रवाल परिवार अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी टेमासेक होल्डिंग्स को बेचेंगे। टेमासेक होल्डिंग्स सिंगापुर सरकार की इन्वेस्टमेंट कंपनी है।

## कंपनी भुजिया और पारंपरिक स्नैक्स बनाती है

### विलय के बाद बनेगी नई कंपनी

यह डील हल्दीराम के परिवार के लिए एक खुशी का मौका लेकर आई है। नागपुर स्थित हल्दीराम फूड्स और दिल्ली स्थित हल्दीराम स्नैक्स अब एक होने जा रहे हैं। अग्रवाल परिवार की दो शाखाएं इन कंपनियों को चलाती हैं। दोनों कंपनियों के विलय की सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही इसका औपचारिक ऐलान किया जाएगा। इसके बाद एक नई कंपनी बनेगी, जिसका नाम हल्दीराम फूड्स एंड स्नैक्स होगा। इस कंपनी में नमकीन, मिठाई, रिटेल स्टोर और खाने-पीने की चीजें शामिल होंगी।




### आईपीओ का रास्ता साफ!

कंपनी में बदलाव की वजह से अब आईपीओ भी आ सकता है। यानी कंपनी पहली बार अपने शेयर आम लोगों को बेचेगी। डील से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हिस्सेदारी बेचने की घोषणा जल्द ही हो सकती है। टेमासेक के साथ 9 प्रतिशत हिस्सेदारी की डील लगभग फाइनल हो चुकी है। इसके अलावा, कंपनी 5 प्रतिशत और हिस्सेदारी बेचने पर भी विचार कर रही है।

*वैल्यूएशन 84 हजार करोड़ आंकी गई : हल्दीराम की प्रोडक्ट लिस्ट में नमकीन, मिठाई, दुकानें और रेस्टोरेंट शामिल हैं। कंपनी दुनिया भर में बसे भारतीयों को सामान एक्सपोर्ट करती है। ब्रांड की पहुंच, गुडविल और ग्रोथ पोटेंशियल को देखते हुए कंपनी का वैल्यूएशन 84,000 करोड़ रुपए आंकी गई है।*

### लंबे समय से चल रही थी कोशिश

अग्रवाल परिवार हल्दीराम ब्रांड को और मजबूत करना चाहता है। इसलिए वे काफी समय से कंपनी को एक करने की कोशिश कर रहे थे। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने विलय की योजना को मंजूरी दे दी है। इससे एक नई कंपनी बनाने का रास्ता साफ हो गया है।

### कंपनी ने बेंगलुरू स्थित अपने टेक्नोलॉजी सेंटर में की छंटनी

# बोइंग ने भारत में 180 कर्मियों को दिखाया बाहर का रास्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयरक्राफ्ट बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बेंगलुरू में अपने इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर से 180 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। कंपनी दुनिया भर के अपने ऑफिसेज में कर्मचारियों की संख्या कम कर रही है। भारत में बोइंग के लगभग 7,000 कर्मचारी हैं।

बेंगलुरु और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) जटिल आधुनिक वैमानिकी कामकाज करता है। बेंगलुरु का इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी परिसर अमेरिका के बाहर कंपनी के सबसे बड़े निवेश में से है। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारत में बोइंग 300 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से सालाना करीब 1.25 अरब डॉलर की खरीद करती है। बताया जा रहा है कि वर्तमान समय में बोइंग वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रही है। कंपनी ने पिछले साल अपने वर्कफोर्स में 10 प्रतिशत कटौती की बात की थी। हालांकि, हाल ही में हुई छंटनी को लेकर कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि कंपनी के स्ट्रैटेजिक एडजस्टमेंट के तहत कुछ पद प्रभावित जरूर हुए हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसका ग्राहकों या सरकारी परिचालन में कोई असर न पड़े।




**बोइंग को मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट**

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोइंग को अमेरिकी वायुसेना का अब तक का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। इसके चलते कंपनी के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेंस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी वायु सेना के लिए बनाए जाने वाले छठी पीढ़ी के इस फाइटर जेट को एफ-47 के नाम से जाना जाएगा, जो पांचवी पीढ़ी के एफ-22 रैप्टर की जगह लेगा।

### भारत में अधिक संतुलित तरीके से छंटनी

कंपनी ने कहा कि कुछ पुराने रोल खत्म किए जाने के साथ कुछ नए रोल भी क्रिएट किए गए हैं। भारत में ग्राहक सेवा, सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर फोकस रखते हुए कंपनी ने छंटनी अधिक संतुलित तरीके से की है। बता दें कि बेंगलुरु और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में एडवांस्ड एयरोस्पेस बनाने का काम होता है।

# भारत के गोली सोडा की अमेरिका व यूरोप में मांग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पारंपरिक पेय 'गोली सोडा' की अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देशों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग है। गोली सोडा को कंचे वाली बोतल भी कहा जाता है।

■ भारत ने खाड़ी क्षेत्र के लुलु हाइपर मार्केट को गोली सोडा की आपूर्ति शुरू

इसे लेकर उपभोक्ताओं की जोरदार प्रतिक्रिया मिल रही है, जो रणनीतिक विस्तार और नवोन्मेषण से प्रेरित है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने कहा कि फेयर एक्सपोर्ट्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के तहत, भारत ने खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं में एक लुलु हाइपरमार्केट को गोली सोडा की आपूर्ति शुरू की है। इसकी गोली पॉप सोडा के रूप में फिर से ब्रांडिंग की गई है। बयान में कहा गया कि एक समय बेहद लोकप्रिय पेय नवाचार और रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय विस्तार से वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय वापसी कर रहा है। इसके मुताबिक, उत्पाद ने पहले ही वैश्विक बाजारों में मजबूत पैठ बना ली है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देश शामिल हैं।

**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पतंजलि और नाबार्ड मिलकर सृजनात्मक कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकते हैं: अध्यक्ष नाबार्ड

**हरिद्वार।** भारत के शीर्ष "राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक" (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए शीर्ष पर्यवेक्षी निकाय के रूप में एक दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में निवेश और समतापूर्ण कृषि को बढ़ावा देने पर केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से हुआ। पूज्य बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट करके किया। कार्यक्रम में नाबार्ड के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने सामूहिक सहभागिता दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण उद्यमों के विकास के लिए देश की सबसे महत्त्वपूर्ण संस्था है। इसकी कई योजनाएँ पशुपालन के लिए हैं, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ब्याज सहायता योजना, दीर्घावधि ऋण और पशुपालन आधारभूत संरचना विकास निधि आदि हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पूंजी निवेश, स्थिर आय और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। नाबार्ड भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों का संचालन करता है, साथ ही कृषि प्रक्रियाओं को बेहतर बनाता है। इसके अलावा, नाबार्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचारों, सामाजिक बदलाव और सामाजिक उद्यमों की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।



■ पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में 'नाबार्ड के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय दौरा' संपन्न

# विदेशी निवेशकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रुझान, शुल्क से जुड़े घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पिछले सप्ताह बाजार में जोरदार उछाल आया और बेंचमार्क सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक चढ़ गए।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि निवेशकों की धारणा में सुधार, विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों से बाजार में यह तेजी आई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, हमें उम्मीद है कि आकर्षक मूल्यांकन और आर्थिक पुनरुद्धार के संकेतों के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में लौटने के कारण यह तेजी जारी रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि निवेशकों की निगाह डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख और वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख आर्थिक घटनाक्रम नहीं होने की वजह से सभी का ध्यान मार्च के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और एफआईआई की गतिविधियों पर रहेगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजारों पर सभी की निगाह रहेगी। शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे।

*बाजार में निवेश प्रवाह लौट रहा*

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार ने लगातार सुधार के साथ सप्ताह का समापन किया है। जोखिम-मुक्त दरों में प्रत्याशित कमी, डॉलर सूचकांक में सुधार की वजह से उभरते बाजारों में निवेश प्रवाह लौट रहा है।*

## कंपनियों के ट्रेड्स मंच में पंजीकरण कराने में तेजी

**नई दिल्ली।** व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (ट्रेड्स) मंच पर पंजीकरण कराने के लिए अंतिम तारीख नजदीक आने के साथ ही 250 करोड़ रुपये के कारोबार वाली कंपनियों के पंजीकरण में तेजी आई है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम मंत्रालय ने ट्रेड्स मंच पर पंजीकरण कराने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की है। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 250 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली सभी कंपनियों के साथ ही एमएसएमई से खरीद में शामिल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को 31 मार्च, 2025 तक ट्रेड्स मंच पर पंजीकरण कराना आवश्यक है।फिलहाल, सभी सीपीएसई और 500 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के लिए ट्रेड्स मंच पर खुद को शामिल करना अनिवार्य है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। |
| वृष | बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी। |
| मिथुन | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा। |
| कर्क | कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| सिंह | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| धनु | वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें। |
| मकर | किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। |
| कुंभ | किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| मीन | कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। |

## एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 1794 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बिकवाली दबाव में अब कमी देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर चिंताएं कम होने तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में कमी की उम्मीद के बीच एफपीआई ने पिछले सप्ताह शुद्ध रूप से 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। हालांकि, एफपीआई का रुख कुछ सकारात्मक होने के बावजूद यह उनकी बिकवाली का लगातार 15वां सप्ताह रहा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, "आगे चलकर एफपीआई का सतर्क रुख कायम रहेगा। वे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर रुख, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, आर्थिक परिदृश्य पर कुछ स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी तुलना में छुट्टियों के कारण कम अवधि वाले पिछले सप्ताह में उनकी निकासी 60.4 करोड़ डॉलर रही थी। पिछले सप्ताह, एफपीआई ने दो मौकों पर शुद्ध खरीदारी की। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, " एफपीआई की बिकवाली में हालिया उलटफेर ने बाजार की धारणा को बेहतर बनाया है, जिससे 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में बाजार में तेजी आई।




### गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी विशाखापत्तनम में स्नातक समारोह


**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च एवं गीतम डेंटल कॉलेज का स्नातक समारोह शनिवार को संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। एमबीबीएस, बीडीएस और एमडीएस कार्यक्रमों के कुल 305 स्नातकों ने अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक प्रो. बलराम भार्गव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों को स्नातक प्रमाण पत्र प्रदान किए। स्नातकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय डॉक्टर और नर्स अपनी विशेषज्ञता के लिए विश्व स्तर पर पहचाने जाते हैं और भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जो कि लागत प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा चाहने वाले रोगियों को आकर्षित करता है। डॉक्टर-रोगी संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि मानवीय संपर्क आत्मविश्वास, आराम और आश्वासन को बढ़ावा देता है, जो रोगी के ठीक होने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## फोर अकादमी ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**गुरुग्राम,** आज नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में फेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अरुणादित्य सहाय और फेम की निदेशक डॉ. मीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस वर्ष की फ्रेशर्स पार्टी का थीम 'रेनबो रखा गया था जो विविधता और ऊर्जा का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत और नृत्य कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अरुणादित्य सहाय ने अपने संबोधन में नवप्रवेशी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, फेम एक ऐसा शिक्षा संस्थान है, जो न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी बढ़ावा देता है। वहीं, डॉ. मीता सिन्हा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नए विद्यार्थियों को अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए संस्थान हर संभव अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के सबसे प्रतीक्षित क्षणों में से एक था ₹मिस फ्रेशर और मि. फ्रेशर का चयन। जूरी के निर्णय के आधार पर मिस फ्रेशर का खिताब राधिका (बीबीए प्रथम वर्ष)को मिला, जबकि मि. फ्रेशर का खिताब आदित्य यादव (बीसीए प्रथम वर्ष), मि. शो स्टॉपर वंश (बीबीए प्रथम वर्ष), मि. टैलेंट कृष ठकरान (बीबीए प्रथम वर्ष), मिस टैलेंट एकता (बीसीए प्रथम वर्ष) ने अपने नाम किया।

## शब्द पहेली - 5814




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5813 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |








## आईपीएल : सबसे बड़ा स्कोर 287/3 भी एसआरएच के नाम दर्ज

# किशन का तूफान, हैदराबाद ने बनाया दूसरा सर्वोच्च स्कोर, राजस्थान को 44 रन से रौंदा


एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इशान किशन (47 गेंद में नाबाद 106) की तूफानी बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 44 रौंदकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। किशन ने रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे।

हेड ने इस फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर रहे किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए जिससे एसआरएच ने छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी एसआरएच के नाम है। टीम ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे।

### अनुभवहीन कप्तान की गलती

*रॉयल्स की टीम हालांकि कभी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं दिखी लेकिन टीम खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 242 रन बनाने में सफल रही। हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की।*




### मुश्किलों भरा रहा पिछला साल

*पिछले कुछ सालों में मुंबई इंडियंस के मुख्य खिलाड़ियों में से एक किशन के लिए 2024 का साल मुश्किल रहा। इस लीग के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण उन्होंने अपना केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा और मुंबई की फ्रेंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। पटना के इस छोटे कद के खिलाड़ी ने नए जोश के साथ वापसी की है और नई फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। वह इस सपाट पिच पर और सात मैच खेल सकते हैं। वह इस तरह के प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।*

### शर्मनाक : आर्चर ने दिए 76 रन

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। राजस्थान के 3 गेंदबाजों ने 50 से ज्यादा रन खर्च किए। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 19 की इकोनॉमी से 76 रन लुटा दिए। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

### महंगे गेंदबाजी के आंकड़े

| विकेट/रन | खिलाड़ी | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 0/76 | जोफ्र आर्चर | राजस्थान | 2025 |
| 0/73 | मोहित शर्मा | दिल्ली | 2024 |
| 0/70 | बेसिल थम्पी | आरसीबी | 2018 |
| 0/69 | यश दयाल | कोलकाता | 2023 |
| 1/68 | रीस टॉपली | मुंबई | 2024 |
| 1/68 | ल्यूक वुड | दिल्ली | 2024 |

### दिल्ली-लखनऊ की जंग आज

**विशाखापत्तनम।** नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य आईपीएल के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी। अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ की टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### स्कोर बोर्ड

| एसआरएच | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का जायसवाल बो तीक्षणा | 24 | 11 | 5 | 0 |
| ट्रैविस हेड का हेटमायर बो तुषार | 67 | 31 | 9 | 3 |
| इशान किशन नाबाद | 106 | 47 | 11 | 6 |
| रेड्डी का जायसवाल बो तीक्षणा | 30 | 15 | 4 | 1 |
| क्लासेन का रियान बो संदीप | 34 | 14 | 5 | 1 |
| अनिकेत शर्मा का आर्चर बो देशपांडे | 07 | 03 | 0 | 1 |
| मनोहर का रियान बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 20 ओवर में 286/6
**गेंदबाजी :** फारुकी 3-0-49-0, तीक्षणा 4-0-52-2, आर्चर 4-0-76-0, संदीप 4-0-21-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 4-0-44-3.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मनोहर बो सिमरजीत | 01 | 05 | 0 | 0 |
| सैमसन का क्लासेन बो हर्षल | 66 | 37 | 7 | 4 |
| पराग का कमिंस बो सिमरजीत | 04 | 02 | 1 | 0 |
| नीतीश राणा का कमिंस बो शमी | 11 | 08 | 2 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का किशन बो जम्पा | 70 | 35 | 5 | 6 |
| हेटमायर का मनोहर बो हर्षल | 42 | 23 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 34 | 11 | 1 | 4 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, कुल : 20 ओवर में 242/6
**गेंदबाजी :** शमी 3-0-33-1, सिमरजीत 3-0-46-2, कमिंस 4-0-60-0, अभिषेक 2-0-17-0, जम्पा 4-0-48-1, हर्षल 4-0-34-2.

## नूर अहमद का स्वप्निल पदार्पण

# रचिन और गायकवाड ने सीएसके को दिलाई जीत



भाषा ▶▶ चेन्नई

अफगानिस्तान के 'मिस्ट्री' स्पिनर नूर अहमद (18 रन देकर चार विकेट) के यादगार पदार्पण के बाद कप्तान रूतुराज गायकवाड (53 रन) और रचिन रविंद्र (नाबाद 65 रन) के अर्धशतक से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से शिकस्त दी। रचिन रविंद्र ने 45 गेंद का सामना करते हुए अपनी नाबाद पारी में दो चौके और चार छक्के जमाये। उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। पारी का आगाज करने के बजाय तीसरे नंबर पर उतरे गायकवाड ने 26 गेंद की पारी के दौरान छह चौके और तीन छक्के जड़े। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 67 रन की साझेदारी निभाई। सीएसके ने टॉस जीतकर नूर अहमद के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 पर रोक दिया। इसमें सीएसके लिए नूर अहमद के अलावा खलील अहमद ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके के लिए रचिन रविंद्र और गायकवाड के अलावा रविंद्र जडेजा ने रन आउट होने से पहले 17 रन बनाए। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका जिसमें मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों विशेषकर आईपीएल में पदार्पण करने वाले केरल के बायें हाथ के स्पिनर विग्नेश पुथुर (32 रन देकर तीन विकेट) का अहम योगदान रहा। चौबीस साल के पुथुर ने गायकवाड, शिवम दूबे और दीपक हुड्डा के विकेट झटके। रचिन रविंद्र ने अंत में पुथुर की गेंदों पर दो छक्के जड़कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

## खबर संक्षेप


### गुजरात खिलाड़ियों को काफी आजादी देता है

**नई दिल्ली।** कागिसो रबाडा दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं लेकिन अपनी नयी फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में घर जैसा महसूस करते हैं क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा से पहले ही काफी लगाव हो गया है। रबाडा को गुजरात टाइटन्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा और वह मोहम्मद सिराज के साथ नयी गेंद साझा करेंगे। रबाडा ने कहा, 'हां, यह बहुत आरामदायक रहा है। खिलाड़ियों को बहुत स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन फिर भी एक व्यवस्था है। यहां जिस तरह से सब कुछ चल रहा है, उससे वास्तव में खुश हूं।'



### आरसीबी में क्रुणाल शानदार पसंदः हेडन

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस साल आईपीएल के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है। उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट, विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार ने उपयोगी पारियां खेली।



### गुवाहाटी पहले टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा।



# प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस सिल्वर लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रहीं। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था। दो बार की



ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारजीना जडजीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।

### पहली हार से घबराने की जरूरत नहीं : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# एमसीए ने मासिक पेंशन में 50 फीसदी बढ़ोतरी को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने रविवार को पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की मासिक पेंशन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इसकी घोषणा रविवार को एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने की। एमसीए ने यह निर्णय अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में लिया।

इस बैठक में संघ से संबद्ध क्लबों के प्रतिनिधियों के लिए चिकित्सा कवर प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। एमसीए वर्तमान में देश में पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन देने




MUMBAI CRICKET ASSOCIATION

वाला एकमात्र घरेलू क्रिकेट संघ है। उसके इस नए कदम से उन खिलाड़ियों को 30,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं। खिलाड़ियों की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को यह राशि मिलेगी। पहले यह रकम 20,000 रुपए थी।

जो पूर्व रणजी खिलाड़ी 70 वर्ष से कम उम्र के हैं उन्हें 10,000 रुपए प्रति माह के बजाय अब 15,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे। मेडिक्लेम सुविधा के तहत संबद्ध क्लबों के अधिकृत प्रतिनिधियों को 10,00,000 रुपए तक की मदद मिलेगी।

विश्व कप क्वालीफाइंग

# हॉलैंड ने 40वें मैच में दागा 39वां गोल, नॉर्वे की 5-0 से बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶ लंदन

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार 1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था।

इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इजराइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया। हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए।

### वेल्स ने कजाकिस्तान को हराया

यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रन से हराया, टी20 श्रृंखला पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला को अपने नाम कर लिया।

श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1 की अजेय बढ़त है। डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में



अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। इससे पहले फिन एलन ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेल टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई जिससे न्यूजीलैंड छह विकेट पर 220 रन बनाने में सफल रहा। एलन ने टिम सीफर्ट (44) के साथ पहले विकेट के लिए 4.1 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 46 रन बनाए।

### जैस्मीन ने एक और शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर में शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा राष्ट्रीय लाइटवेट चैंपियन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में शानदार जीत हासिल की। जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। दिन के अन्य मुकाबलों में रेलवे की युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर सर्वसम्मति से जीत के दौरान पूरा नियंत्रण बनाए रखा। 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज इस सप्ताह भर चलने वाले टूर्नामेंट में 10 भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जिसमें 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन किया जा रहा है जिसमें एक मिनट के आराम अंतराल के साथ तीन मिनट के तीन राउंड शामिल हैं।

## खेलो इंडिया पैरा खेल : फाइनल में 17 वर्षीय पायल 109-103 से हराया

# पैरालंपियन शीतल ने जीता तीरंदाजी का स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब की पावरलिफ्टर जसप्रीत कौर ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) के चौथे दिन 45 किग्रा वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता और दो 'विशेष' तीरंदाज शीतल देवी और पायल नाग के साथ सुर्खियां बटोरीं। कौर (31 वर्ष) ने 101 किग्रा भार उठाकर केआईपीजी 2025 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली एथलीट बन गईं।

कौर ने 2023 चरण में भी इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने अपना ही पिछला 100 किग्रा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। मनीष ने भी 54 किग्रा वर्ग में 166 किग्रा वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। रविवार तक 132 स्वर्ण पदक तय हो चुके हैं जिसमें तमिलनाडु और हरियाणा 24-24 स्वर्ण पदकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश क्रमशः 17 और 16 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कौर ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया से कहा, ''मैं इस बार और भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने से मुझे राष्ट्रीय रैंकिंग में ऊपर चढ़ने में भी मदद मिली है।''

### रोमांचक मैच पर रहा नजर

सभी की निगाहें शीतल और पायल के बीच महिलाओं के कंपाउंड स्वर्ण पदक मैच पर थीं। शीतल ने आठ और सात के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। हालांकि पायल तीसरे दौर में बढ़त खो बैठीं, जहां उन्होंने पहली बार सात का स्कोर बनाया और शीतल ने नौ और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की। निर्णायक पांचवें दौर में शीतल ने स्वर्ण पदक जीता।



### कंपाउंड ओपन में जीते श्याम

पुरुषों के कंपाउंड ओपन स्वर्ण पदक मैच में राजस्थान के श्याम सुंदर स्वामी ने छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार को कड़ी टक्कर देते हुए 140-139 से हराया। कांस्य पदक मैचों में राकेश कुमार ने अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए हरियाणा के परमेंद्र को 143-140 से हराया। ज्योति बालियान ने दिल्ली की लालपति को 136-132 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के धन्ना गोदारा और झारखंड की सुकृति सिंह ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के रिकर्व ओपन कांस्य पदक जीते।

*10 मार्च को शुरू हुए अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया*

# समापनः भारत और किर्गिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर-12' में सीखे युद्ध कौशल के आधुनिक तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और किर्गिस्तान के बीच चल रहा संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर-12' 23 मार्च को टोखमोक में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह अभ्यास 10 मार्च को शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच सहयोग को मजबूत करना, उच्च ऊंचाई पर युद्ध कौशल को निखारना और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों को बेहतर बनाना था। इस अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया। दोनों सेनाओं ने स्नाइपिंग, जटिल इमारतों में घुसपैठ, पहाड़ी युद्धकला और विशेष आतंकवाद-रोधी अभियानों का अभ्यास किया। गौरतलब है कि 'खंजर' अभ्यास पहली बार 2011 में शुरू हुआ था और अब यह एक वार्षिक आयोजन बन गया है। इस अभ्यास का आयोजन भारत और किर्गिज़स्तान में बारी-बारी से किया जाता है। पिछला संस्करण जनवरी 2024 में भारत में हुआ था।

**खास बातें**

- आतंकियों से निपटने के तरीकों से सैनिक हुए रूबरू
- पहाड़ी युद्धकला के अभ्यास ने बढ़ाया सैनिकों में आत्मविश्वास
- खंजर की शुरुआत 2011 से हुई थी तभी से निरंतरता बनी है




### प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए

समारोह में दोनों देशों के रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी और मित्र देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने इस अभ्यास को क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया। अभ्यास के बाद एक व्यापक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की।

### नवरोज पर्व का जश्न मनाया

अभ्यास के दौरान नवरोज पर्व का भी जश्न मनाया गया, जो भारत और किर्गिस्तान के जवानों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण अवसर बना। समापन समारोह में किर्गिज रक्षा मंत्रालय ने भारत के दो जवानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किए, जबकि दो अन्य जवानों को उनके पेशेवर मानकों के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए।

---

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ हुए पोप, अस्पताल से मिल गई छुट्टी



**रोम।** निमोनिया से उबरने के बाद रविवार को पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह वेटिकन के लिए रवाना हुए। रविवार को पोप फ्रांसिस पांच सप्ताह में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए और अस्पताल की बालकनी से लोगों को आशीर्वाद दिया। पोप (88) को जब रोम के गेमेली अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाली बालकनी में ले जाया गया तो उन्होंने भीड़ का अभिवादन किया। पोप की एक झलक पाने के लिए रविवार की सुबह से ही सैकड़ों लोग एकत्र हुए थे।

### अमेरिका में भारतीय मां ने बेटे का गला रेता



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल की महिला ने अपने 11 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। महिला का नाम सरिता रामाराजू (48) और बेटे का नाम यतिन रामाराजू है। महिला बेटे के साथ घूमने के लिए कैलिफोर्निया के सेंटा एना में डिज्नीलैंड गई थी। यहां तीन दिन बिताने के बाद महिला ने होटल में बेटे का चाकू से गला रेत दिया। उसने पुलिस को बेटे की हत्या और खुद के जहर खाकर आत्महत्या करने की जानकारी पुलिस को दी।

---

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद चीन से कई मुद्दों पर बात की

ट्रंप के तेवर देख ड्रैगन के उड़ गए होश!

# चीन के प्रधानमंत्री बोले- अमेरिका से टकराव नहीं बातचीत का विकल्प सही



◆ व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल मामले में दोनों देश उलझे हुए हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग की रविवार को अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेन्स के साथ मुलाकात हुई। बैठक के दौरान ली कियांग ने कहा कि बीजिंग और वाशिंगटन को टकराव के बजाय बातचीत का विकल्प चुनना चाहिए, क्योंकि दोनों देश व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल व्यापार से निपटने के प्रयासों को लेकर टकराव में उलझे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टीव डेन्स जनवरी में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से बीजिंग का दौरा करने वाले कांग्रेस के पहले सदस्य हैं। ली के साथ बैठक के दौरान उनके साथ कई अमेरिकी व्यवसायी लीडर शामिल हुए, जिनमें फेडएक्स कॉर्प के सीईओ राज सुब्रमण्यम, बोइंग कंपनी के सीनियर उपाध्यक्ष ब्रैंडन नेल्सन, क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो अमोन और फाइजर के सीईओ अल्बर्ट बोरला शामिल थे।

### ट्रंप ने कहा था-अमेरिका और चीन मिलकर कामयाबी की डगर पर चलेंगे तो दोनों देशों को होगा बड़ा फायदा

ली कियांग ने कहा कि देशों के बीच संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गए हैं और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जनवरी में ट्रंप के साथ एक कॉल के दौरान कहा था कि दोनों देश भागीदार और मित्र बन सकते हैं, जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा, इतिहास हमें बताता है कि चीन और अमेरिका दोनों को सहयोग से लाभ होगा और टकराव से नुकसान। हमारे दोनों पक्षों को टकराव के बजाय संवाद, शून्य-योग प्रतिस्पर्धा के बजाय विन-विन सहयोग को चुनने की आवश्यकता है।

**साल के शुरुआत में मंशा की जाहिर**

### *ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही जिनपिंग को विभिन्न मुद्दों से कराया रूबरु*

*साल की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक सार्थक बातचीत की, जिसमें उन्होंने व्यापार, फेंटेनाइल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बातचीत की जानकारी दी, जिसे उन्होंने बेहद उपयोगी बताया और सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने लिखा, यह बातचीत चीन और अमेरिका दोनों के लिए बहुत अच्छी रही। मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर कई समस्याओं का समाधान करेंगे और तुरंत इसकी शुरुआत करेंगे। हालांकि इसके बाद दोनों ही देशों में आपसी अनबन शुरु हो गई और संबंधों में कड़वाहट आने लगी।*



### ट्रंप के पहले शासनकाल में टैरिफ बड़ा मुद्दा था

ली कियांग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि अमेरिका चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर और विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेगा। ट्रंप के पहले शासन काल के दौरान, जब टैरिफ भी एक बड़ा मुद्दा था तब डेन्स ने मीडियेटर के रूप में काम किया था। चीन की यात्रा से पहले डेन्स कार्यालय ने कहा कि वह व्हाइट हाउस के साथ निकटता से समन्वय कर रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे।

---

गुजराती पिता-पुत्री की अमेरिका में हत्या

# दुकान बंद होने के कारण नहीं मिली शराब तो सिरफिरे ने मारी गोली



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां के एक डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर गुजराती पिता-पुत्री की हत्या ने अमेरिका में भारतीय समुदाय को झकझोर दिया है। अब गुजरात में पीड़ित परिवार ने खुलासा किया है कि पिता और पुत्री को एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति ने सिर्फ इसलिए गोली मारी थी, क्योंकि उसे शराब चाहिए था और दुकान बंद हो गई थी। उसे इसके लिए दुकान खुलने का रात भर इंतजार करना पड़ा, जिस कारण वह गुस्से में था।

**शराब के लिए करना पड़ा इंतजार भड़क गया युवक**

जब प्रदीप और उर्मी वहां पहुंचे तो उसने उनसे पूछा कि दुकान क्यों बंद है? आरोपी ने इस बात के लिए दोनों पर गुस्सा जताया कि उसे रातभर इंतजार करना पड़ा। गुस्से और आवेश में जॉर्ज ने दोनों पर गोलियां चला दीं। प्रदीप को दो गोलियां लगीं, जबकि एक गोली उर्मी को लगी। घटना के दो घंटे के भीतर अमेरिकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छह साल पहले प्रदीपभाई और उनकी पत्नी हंसाबेन अपनी सबसे छोटी बेटी उर्मी के साथ विजिटर वीजा पर अमेरिका गए थे।

### शराब के लिए रातभर किया था इंतजार

प्रदीपभाई पटेल (56) जब 21 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे अपनी बेटी उर्मी के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर खोल रहे थे, तभी उस व्यक्ति ने दोनों को गोली मार दी। प्रदीपभाई पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 26 वर्षीय बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रदीप के परिवार ने कहा कि आरोपी की पहचान जॉर्ज फ्रेजियर डेवोन व्हार्टन के रूप में हुई है, जो पूरी रात शराब खरीदने के लिए उनके डिपार्टमेंटल स्टोर के आसपास मंडराता रहा।

---

किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

# पाक के बलूचिस्तान में अलग-अलग हमलों में 4 पुलिसकर्मी और 4 मजदूरों की हुई हत्या

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया। नोश्की शहर के गरीबाबाद इलाके में शनिवार को पहली घटना हुई जहां गश्त कर रहे पुलिस दल पर मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें चार पुलिसकर्मी मारे गए। वहीं, कलात के मंगोचर शहर के मलंगजई इलाके में दूसरा हमला



हुआ, जिसमें पंजाब प्रांत के चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी हाशिम खान ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मियों के शवों को अस्पताल भेज दिया गया है तथा पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।

**प्रदर्शन के चलते प्रांत में है तनाव**

अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान में ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब 'बलूच यकजहती कमेटी' (बीवाईसी) द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण प्रांत में स्थिति तनावपूर्ण है। बीवाईसी द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण रविवार को प्रांत के कई हिस्से बंद रहे। पुलिस ने क्षेत्र में चक्का जाम करने और प्रतिष्ठानों को बंद करवाने के आरोप में बीवाईसी के केंद्रीय नेताओं को शनिवार से गिरफ्तार करना शुरू कर दिया था।

---

अमृतसर में बड़े गिरोह का भंडाफोड़

# खुद को पुलिस अधिकारी बताकर ड्रग्स नेटवर्क चलाती थी महिला

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

ड्रग्स के खिलाफ मुहिम में पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमृतसर पुलिस ने ड्रग्स के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस गिरोह की सरगना एक महिला है जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी। इतना ही नहीं इस महिला के तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़े हुए थे। इस ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ होने के बाद अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत



सिंह भुल्लर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अमृतसर पुलिस ने 5.2 किलो हेरोइन बरामद की है। हमने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की सरगना मंदीप कौर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी।

---

परिवार ने सरकार से मांगी मदद

# डेटा चोरी के आरोप में कतर की जेल में है भारतीय इंजीनियर, रिहाई के प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर स्थित कंट्री हेड अमित गुप्ता को इस साल 1 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वर्तमान में वह जेल में हैं। जानकारी के अनुसार अमित गुप्ता पर डेटा चोरी का आरोप लगाया गया है।

इसी मामले की जांच के संबंध में उनको हिरासत में लिया गया है। दरअसल, अमित गुप्ता कतर में आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कंट्री हेड हैं। स्थानी सुरक्षा एजेंसियों ने उनके खिलाफ डेटा चोरी का आरोप लगाया है। इस मामले में टेक महिंद्रा ने कहा कि कर्मचारी के परिवार से साथ संपर्क लगातार बनाए हुए हैं। अमित गुप्ता मूल रूप से गुजरात के वडोदरा के रहने वाले हैं। वह आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर कंट्री हेड हैं। इसके बाद उनका पूरा परिवार उनकी रिहाई के लिए तमाम प्रयास कर रहा है।

**इंजीनियर की मदद कर रही भारत सरकार**

कंपनी ने कहा कर्मचारी की भलाई सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में भारतीय दूतावास अमित गुप्ता के परिवार की मदद कर रहा है। सूत्रों की मानें तो कतर में हमारा दूतावास एक भारतीय नागरिक अमित गुप्ता को कतर के अधिकारियों द्वारा चल रही जांच के सिलसिले में हिरासत में लिए जाने के बारे में जानता है।

---

तालिबान की जीत के रूप में देखा जा रहा

# अमेरिका ने जार्ज को रिहा किया हक्कानी पर से हटा लिया इनाम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन





तालिबान ने एक अमेरिकी नागरिक, जॉर्ज ग्लेजमैन, को रिहा किया, जिसके तुरंत बाद अमेरिका ने तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी समेत तीन नेताओं पर रखा इनाम हटा लिया। दरअसल, यह कदम वैश्विक मंच पर तालिबान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय अलगाव को कम करने की दिशा में बढ़ने की संभावना है। सिराजुद्दीन हक्कानी हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख नेता और अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्री हैं। 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने के लिए कुख्यात, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक समेत छह लोग मारे गए थे। हक्कानी नेटवर्क तालिबान का सबसे खतरनाक घटक माना जाता है, जो आत्मघाती हमलों, बम विस्फोटों और अपहरण में शामिल रहा है।

---

15 से शुरु हुआ और 29 मार्च को संपन्न होगा सांस्कृतिक उत्सव

देश और विदेश के मेहमान होते हैं उत्सव के साक्षी

# गोवा शिगमो महोत्सव : वसंत के स्वागत में रंग-बिरंगी झांकियों और लोक नृत्यों का जश्न

एजेंसी ▶▶ गोवा

**18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जा रहा जश्न**

गोवा में इन दिनों पारंपरिक शिगमो महोत्सव की धूम मची हुई है। दो सप्ताह तक चलने वाला यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव 15 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च तक सम्पन्न होगा। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है इस दौरान रंग-बिरंगी झांकियों, लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है, जो गोवा की समृद्ध विरासत को दर्शाता है। गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खंवटे ने कहा कि गोवा में दो बड़े



त्योहार-कार्निवल और शिगमो हैं। हाल ही में कार्निवल पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया और अब हम शिगमो का जश्न मना रहे हैं, जो 15 दिनों तक चलता है और लगभग 18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जाता है। शिगमो हमारा पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। शिगमो महोत्सव, जिसे स्थानीय भाषा में शिगमोस्तव कहा जाता है, गोवा के हिंदू समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। यह फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। मंत्री खंवटे ने कहा कि गोवा अब पर्यटकों के लिए समुद्र तटों के अलावा अन्य आकर्षण भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हम गोवा में पर्यटन को समुद्र तटों से आगे ले जाना चाहते हैं। पर्यटक यहां आकर नई चीजें देखना चाहते हैं, इसलिए हम अपने उत्सवों को और भव्य बना रहे हैं। हम चिखल कालो (मिट्टी का त्योहार) और साओ जोआओ (संत जॉन द बैपटिस्ट का सम्मान करने वाला पर्व) जैसे नए त्योहार भी जोड़ रहे हैं।

**विदेशी मेहमानों ने सराहा**

त्योहार में शामिल एक पर्यटक ने कहा, यह हमारा गोवा और भारत का पहला दौरा है। हमें इतना भव्य अनुभव मिलने की उम्मीद नहीं थी। यह बहुत रंगीन है और लोग काफी दोस्ताना हैं। हम खुश हैं कि हमने इस उत्सव को देखा। ईरान से आए एक अन्य पर्यटक ने कहा, यह बहुत खूबसूरत समारोह है और हम यहां आकर बहुत खुश हैं। मैंने पहले कभी ऐसा त्योहार नहीं देखा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109